तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



रेलवे क्षेत्र में निर्माण कार्य के चलते वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। जिसकी हालत खराब है।

रेलवे स्टेशनों में जनसंवाद आज



बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के 216 रेलवे स्टेशन पर गुरुवार का एक दिवसीय पैन इंडिया रेल जनसंवाद कार्यक्रम किया जाएगा। इसके तहत बिलासपुर रेलवे स्टेशन में सुबह 10 बजे जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश की उपस्थिति में, चांपा रेलवे स्टेशन पर अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, उसलापुर रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन की उपस्थिति में जनसंवाद कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रेल अफसर एवं कर्मचारी विभिन्न रेलवे स्टेशन पर यात्रियों, युवाओं व आम नागरिकों से सीधा संवाद करेंगे।

शून्य से लेकर 100 छात्र वाले 68 सरकारी कालेजों पर मंडरा रहा खतरा

अंजनी तिवारी ⏭ बिलासपुर

उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय की ओर से जानकारी मांगे जाने के बाद मचा हड़कंप, क्षेत्रीय अपर संचालकों से मंगाई गई जानकारी

प्रदेशभर में पिछले कुछ वर्षों में नए सरकारी कालेज खुलते गए और उनकी संख्या बढ़ती गई, किन्तु उन कालेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स नहीं मिल रहे हैं या फिर छात्र संख्या बहुत कम है। छत्तीसगढ़ के 68 ऐसे ही सरकारी कालेज हैं जहां पर कहीं शून्य तो कहीं मात्र 100 तक एडमिशन हुए हैं। इन सरकारी कालेजों पर अब खतरा मंडराने लगा है और उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय ने इन कालेजों के संबंध में सभी क्षेत्रीय अपर संचालकों को पत्र जारी कर जानकारी मंगाई है। उच्च शिक्षा विभाग से पत्र जारी होते ही कालेजों में हड़कंप सा मच गया है।

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में विभिन्न जिलों में खोले गए कई सरकारी कालेजों की हालत बहुत ज्यादा खराब है, वहां पर न तो ठीक तरह से कोई अधोसंरचना का विकास हुआ है और न ही वहां पर्याप्त संख्या में एडमिशन हो रहे हैं। इन कालेजों को चलाना सरकार को महंगा पड़ रहा है। प्रदेशभर में ऐसे ही 68 सरकारी कालेजों में एडमिशन की स्थिति इतनी



खराब है कि कहीं पर शून्य तो कहीं केवल 100 भीतर ही एडमिशन हुए हैं। इन कालेजों की स्थिति को लेकर उच्च शिक्षा विभाग गंभीर हो गया है और उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय की ओर से सभी क्षेत्रीय अपर संचालकों को पत्र जारी कर इन सरकारी कालेजों के संबंध में अलग-अलग प्रारुप में जानकारी मंगाई गई है। आयुक्त कार्यालय से यह पत्र 16 अक्टूबर को जारी हुआ है और पत्र मिलते ही इन कालेजों में हड़कंप मच गया है।

शून्य एडमिशन वाले सात कालेज

उच्च शिक्षा विभाग ने पत्र के साथ शून्य व कम एडमिशन वाले कालेजों की लिस्ट भी जारी की है। इनमें शून्य छात्र संख्या वाले कालेजों में धमतरी जिला के बीएलएलबी नवीन शासकीय कालेज कुरूद, बस्तर जिला के शासकीय कालेज नगरनार व शासकीय कालेज किलेपाल, रायगढ़ जिला के नवीन शासकीय शारीरिक शिक्षा स्नातक कालेज रायगढ़, जशपुर जिला के शासकीय कालेज फरसाबहार एवं शासकीय कालेज करडेगा शामिल हैं।

बजट व पद संरचना की जानकारी

आयुक्त कार्यालय द्वारा शिक्षा सत्र 2021-22 से लेकर 2025-26 तक पिछले पांच वर्षों की संकायवार विद्यार्थियों की तुलनात्मक संख्या मांगी गई है। इसी तरह निकटतम सरकारी कालेजों के नाम व दूरी के बारे में पूछा गया है। इन कालेजों की पद संरचना और इन वर्षों में शासन से सभी मदों में प्राप्त बजट की जानकारी चाही गई है।

चार श्रेणियों में बांटा गया कालेजों को

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों को चार श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें शून्य छात्र संख्या वाले कालेज, 1-100 तक छात्र संख्या वाले कालेज, 101-200 तक छात्र संख्या वाले 68 और 201-300 तक छात्र संख्या वाले कालेज शामिल हैं। इसमें शून्य छात्र संख्या वाले 7 कालेज, 100 तक संख्या वाले 23 कालेज, 200 तक छात्र संख्या वाले 68 कालेज और 300 तक संख्या वाले कालेजों की संख्या 78 है।

युक्तियुक्तकरण से जोड़कर देखा जा रहा

एक तरह से इन कालेजों को बंद करने का खतरा भी मंडराने लगा है। आगे चलकर इन कालेजों में तालाबंदी कर दी जाएगी या किसी दूसरे सरकारी कालेजों में मर्ज किया जाएगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। वैसे उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अभी तक कालेजों का युक्तियुक्तकरण सुनने में नहीं आया था। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग इन कालेजों का युक्तियुक्तकरण पर भी विचार कर रहा है। आयुक्त कार्यालय की ओर से मांगी गई जानकारी को युक्तियुक्तकरण से ही जोड़कर देखा जा रहा है।

जानकारी ली जा रही है

उच्च शिक्षा विभाग से बीच में एक पत्र आया है। इस पत्र में शासकीय कालेजों में पिछले कुछ वर्ष के प्रवेश के संबंध में कुछ जानकारी मंगाई गई है। शासकीय कालेजों से इस बारे में जानकारी ली जा रही है।

- एसआर कमलेश
क्षेत्रीय अपर संचालक
उच्च शिक्षा



बिलासपुर। बुधवार की रात शहर में दुर्गा विसर्जन की धूम मची रही। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई, झांकी देखने वालों की भीड़ उमड़ी। सुबह तक विसर्जन किया जाता रहा।

युवकों ने जला दिया रावण का पुतला, नाराज राम लक्ष्मण वानर सेना सहित पहुंच गए पुलिस थाना

कुदुदंड चांदनी चौक की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एक ओर पूरे शहर में मंगलवार को रावण पुतलों के दहन की धूम मची रही, वहीं दूसरी ओर कुदुदंड चांदनी चौक पर रावण पुतले के दहन को लेकर विवाद खड़ा हो गया। यहां समिति ने 35 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनाकर राम, लक्ष्मण व वानर सेना की झांकी निकाली, परन्तु निर्धारित समय के पूर्व ही कुछ युवकों ने पुतले में आग लगा दी, इससे नाराज राम, लक्ष्मण वानर सेना सहित शिकायत करने पुलिस थाने पहुंच गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर पुतला जलाने वाले की तलाश शुरू की है।

- राम, लक्ष्मण और पदाधिकारी झांकी निकालते रह गए

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर दशहरा पर्व में कुदूदण्ड चांदनी चौक में दुर्गा समिति द्वारा रावण पुतला दहन का आयोजन किया गया था। समिति में सभी धर्मों के पदाधिकारी व सदस्य हैं। समिति के द्वारा 40 हजार रुपए की लागत से 35 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनवाया गया था। मंगलवार की शाम समिति के द्वारा राम लक्ष्मण, हनुमान की झांकी निकाली गई थी। समिति के निर्णय अनुसार, रात 10 बजे रामजी की उपस्थिति में रावण दहन होना था। इसी बीच निर्धारित समय से पूर्व रात 9.45 बजे समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की भावनाओं को आहत करते हुए अज्ञात लोगों ने बदले की भावना से रावण का पुतला जला दिया। एकाएक रावण पुतले का दहन होने से हड़कंप मच गया। समिति के लोग और आसपास और मोहल्ले के लोग इस बात को लेकर धार्मिक भावनाओं एवं लोगों के विश्वास के प्रति काफी आहत एवं क्षुब्ध होकर राम, लक्ष्मण वानर सेना लेकर रिपोर्ट लिखाने सिविल लाइन थाना पहुंच गए। समिति के सदस्य सीमा चंद्रवंशी, संदीप दुबे, अनिकेत कौशिक, वासु वर्मा, यश चंद्रा, प्रांशु वासिंग व अन्य सदस्यों ने मनीष राव चौहान उर्फ अंकित अन्य साथियों पर समय पूर्व रावण का पुतला जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सीमा की रिपोर्ट पर मनीष राव चौहान उर्फ अंकित एवं अन्य साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, 299, 3, 5, 324, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सशक्त नारी, युवा उड़ान पर मनेगा जिला स्तरीय राज्योत्सव 2 को

बिलासपुर। कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जिला स्तरीय राज्योत्सव की तैयारियां समय पर पूर्ण करने, सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने और धान खरीदी की सभी व्यवस्थाएं 5 नवंबर से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव 2 नवंबर को पुलिस परेड मैदान में आयोजित होगा। इस वर्ष आयोजन की थीम 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' होगी। राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी के स्टॉल लगाए जाएंगे। शासकीय कार्यालयों में 1 से 3 नवंबर तक तीन दिनों तक रोशनी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागों को आयोजन की तैयारियां समन्वय के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं इसकी गंभीरता से समीक्षा कर रहे हैं। अधिकारी आवेदकों से स्वयं चर्चा करें, उनकी समस्या समझें और निराकरण के बाद उन्हें इसकी जानकारी भी दें। धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 14 नई समितियों सहित कुल 130 समितियों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। नई समितियों के लिए स्थल चयन कर लिया गया है। श्री अग्रवाल ने कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था, खरीदी स्थलों की साफ-सफाई, तराजू-बांट सहित निर्धारित 35 बिंदुओं की चेकलिस्ट के अनुसार तैयारियों की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। सभी तैयारियां 5 नवंबर से पहले पूरी कर ली जाएं।

सिम्स में हंगामा

इलाज कराने आए घायल के दोस्तों ने आपातकालीन वार्ड में की तोड़फोड़



घटना के बाद बिखरा कांच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सड़क हादसे में घायल दो लोगों का इलाज कराने सिम्स पहुंचे उसके दोस्तों ने डाक्टर से गाली गलौज कर दरवाजे का कांच तोड़ दिया, डाक्टर ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है।

मंगलवार की रात 9 बजे मस्तूरी के दो लोग सड़क हादसे में घायल हो गए। उनके दोस्त उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले आए, आपातकालीन वार्ड में उपस्थित डाक्टर राहुल साव के द्वारा इलाज किया जा रहा था। इसी दौरान नशे में धुत दोस्त जल्दी इलाज करो कहकर हंगामा मचाने लगे। डाक्टर व कर्मचारियों ने हंगामा मचाने से मना किया तो वे गाली गलौज करने लगे। सूचना पर सिम्स चौकी की पुलिस वार्ड में पहुंच गई और हंगामा मचाने वालों को समझाइश दी गई। इसी दौरान लोगों ने पुलिस के साथ हुज्जतबाजी करते हुए हाथ मारकर दरवाजे का कांच तोड़। पुलिस मस्तूरी निवासी अन्थोनी पिता प्रताप, रंजीत जांगड़े पिता स्व. रोहित जांगड़े को पकड़कर सिम्स चौकी ले गई।



युवकों को समझाईश देते पुलिसकर्मी।

डाक्टर साव ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली थाने में की है। खबर है कि रात में पुलिस ने दोनों युवकों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया है।

मरीज की मृत्यु होने पर घरवालों ने की मारपीट



बुधवार की सुबह करबला निवासी किशन लाल की तबियत खराब होने पर घरवाले इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। अत्यधिक तबियत खराब होने पर कर्मचारी मुकेश आक्सीजन लगाकर उपर वार्ड में छोड़ने गया। डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इससे नाराज परिजन ने कर्मचारी से चप्पल निकालकर मारपीट कर दी। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों के द्वारा समझाइश देने पर परिजन शव लेकर लौट गए।

कंपनी की तैयारी तीन हजार कनेक्शन की थी, अब तक 22 सौ आवेदन

75 हजार घरों में पीएनजी कनेक्शन का मिला टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार ने 31 मार्च तक शहर के 75 हजार घरों में पाइप्ड नैचुरल गैस के जरिए रसोई गैस पहुंचाने का टारगेट कंपनी को दिया है। कंपनी अब तक मार्च तक तीन हजार घरों में कनेक्शन देने की तैयारी कर रही थी। आज की स्थिति में शहर में केवल 22 सौ घरों से ही आवेदन प्राप्त हो सके हैं। ऐसे में सरकार से प्राप्त 75 हजार का टारगेट पूरा करना असंभव नजर आ रहा है।

शहर में रसोई गैस की उपलब्धता एलपीजी गैस सिलेंडरों के स्थान पर पाइप्ड नैचुरल गैस के माध्यम से प्रदान करने को लेकर अडानी टोटल गैस लिमिटेड द्वारा राजकिशोरनगर व मोपका क्षेत्र में तैयारी तो की जा रही है, लेकिन आम नागरिकों से अपेक्षित रिस्पांस नहीं मिल पाने के कारण आवेदनों की संख्या नहीं के बराबर है। कंपनी सूत्रों के अनुसार इस साल 31 मार्च तक तीन हजार घरों में पीएनजी गैस पहुंचाने का टारगेट लेकर कंपनी काम कर रही थी, जबकि सरकार ने हाल ही में हुई मीटिंग में जिले को 75





हजार का टारगेट दे दिया है। ऐसे में कंपनी के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है।

पीएनजी के अंतर्गत पाइप लाइन विस्तार की बात की जाए तो अभी राजकिशोरनगर के गुलाब नगर में शत प्रतिशत पाइप लाइन डाली जा चुकी है। इसी तरह पॉम इन्क्लेव सहित राजकिशोर नगर व मोपका की कई कॉलोनियों में भी पाईपलाईन बिछाने का काम पूरा हो चुका है। सूत्रों के अनुसार कॉलोनियों में घरों की संख्या के अनुपात में पीएनजी के लिए आवेदन करने वालों की संख्या बीस प्रतिशत भी नहीं है। कई घरों से पहले कॉलोनी में प्रारंभ हो जाए व बाकी लोगों के द्वारा ले लेने के बाद अपने घर में एलपीजी के स्थान पर पीएनजी कनेक्शन लेने की बात कही जा रही है। ऐसे में पीएनजी के आवेदकों की संख्या लगातार सीमित ही रही है। कंपनी सूत्रों के अनुसार वर्तमान में शहर में 22 सौ घरों से आवेदन प्राप्त हुए हैं व 850 घरों में मीटर लगाया जा चुका है। कंपनी के अनुसार दीवाली के बाद इन घरों में गैस की सप्लाई प्रारंभ की जा सकेगी।

अधिक कनेक्शन देने की कोशिश हो रही

शहर में मार्च तक तीन हजार कनेक्शन का टारगेट लेकर काम किया जा रहा था, जिसके अंतर्गत 22 सौ आवेदन प्राप्त हो चुके थे व 850 घरों में मीटर लगाए जा चुके हैं। शासन द्वारा अब 31 मार्च तक 75 हजार कनेक्शन का टारगेट दे दिया गया है। अधिक से अधिक कनेक्शन देने की कोशिश की जा रही है।

- अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में

उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ

लिवर, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच, एंडोस्कोपी तथा विशेषज्ञ उपचार अब एक ही छत के नीचे।

- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी पैंक्रियाज़ रोग का इलाज

प्रमुख सर्जरी

- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्त की थैली की पथरी
- हर्निया का लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी
- आंतों की रुकावट का उपचार
- पेट एवं आंतों के ट्यूमर की सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पेट की आपातकालीन सर्जरी
- पेट की गांठ एवं सूजन का उपचार



- अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
- आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
- सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
- लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS

जीवेत शरदः शतम्



जीवेत शरदः शतम्



बिल्हा के माटीपुत्र, संगठन के सशक्त हस्ताक्षर, कुशल संगठनकर्ता, सहज, सरल एवं मिलनसार...

मान. श्री भूपेन्द्र सवन्नी जी

अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) केबिनेट मंत्री दर्जा छत्तीसगढ़ शासन





को जन्मदिन की

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



22 अक्टूबर

विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी-पथरिया-सरगांव मण्डल, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

खबर संक्षेप

राष्ट्रपति पूर्वाभ्यास शिविर में जिले के चार गाइड एवं दो रोवर हुए शामिल



बिलासपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राष्ट्रपति पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन 15 से 17 अक्टूबर तक राज्य प्रशिक्षण केंद्र, अभनपुर (झांकी) में किया गया। शिविर में बिलासपुर जिले के चार गाइड एवं दो रोवर ने सहभागिता कर जिले का प्रतिनिधित्व किया। शिविर का संचालन अमित क्षत्रिय ने किया। शिविर में मुख्य परीक्षक एएलटी रोवर सूरज कसार ने दायित्व निभाया। वहीं सहायक के रूप में नागेश्वर साहू, रोवर दिलीप पटेल, गाइड रत्ना कश्यप, रोवर शशांक विश्वकर्मा एवं गाइड सुश्री कौशल्या साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में बिलासपुर जिले से गाइड के रूप में दिव्या पटेल, हिमांशी श्रीवास, सत्या एवं किरण तथा रोवर के रूप में नितेश चंद्राकर एवं चंद्रशेखर पंकज शामिल हुए।

कांग्रेस कमेटी ने किया पूर्व मंत्री मरकाम का स्वागत



बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम 21 अक्टूबर को बिहार जाते समय कुछ समय के लिए बिलासपुर में रुके और कांग्रेसजनों से मुलाकात किए। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी एवं ऋषि पांडेय ने हाईकोर्ट के पास श्री मरकाम का स्वागत किए। श्री मरकाम को वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत बिहार के पांच जिले औरंगाबाद, गया, बिहार शरीफ एवं जहानाबाद के पर्यवेक्षक बनाए गए हैं।

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा में प्रदेश संगठन में नई नियुक्तियों की घोषणा



बिलासपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव ने प्रदेश संगठन में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। महासभा में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और विभिन्न संभागों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अखिलेश यादव ने बताया कि इसमें डीआर यादव को राष्ट्रीय सचिव के साथ-साथ इन्हें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं बस्तर संभाग का प्रभारी बनाया गया है। शोभाराम यादव को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं रायपुर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राजेश यादव को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ सरगुजा संभाग का प्रभारी बनाया गया है। बोधन राम यादव को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ दुर्ग संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। अशोक यादव को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ रायगढ़, सारंगढ़, सराईपाली, बिलाईगढ़, सक्ती क्षेत्रों का प्रभारी बनाया गया है। इस नियुक्ति की प्रतिलिपि अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा वैशाली (नई दिल्ली) के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वपन कुमार घोष, पूर्व विधायक व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगराम सिंह यादव, तथा राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारीमनोज सिंह यादव को सूचनार्थ भेजी गई है।

धन गुरु दरबार में अखंड चालीहा पाठ



बिलासपुर। सिंधी कॉलोनी जरहाभाठा स्थित धन गुरु नानक दरबार साहिब में अद्दी अम्मा की याद में मासिक वरसी मनाई गई। 5 श्री जपजी साहिब का अखंड चालीहा पाठ साहिब निरंतर संगत द्वारा किया जा रहा है।दरबार साहिब में 5श्री जपजी साहिब का अखंड पाठ हिंदी में 24 घंटे निरंतर 40 दिनों तक चलता रहेगा। इस पावन पाठ का समापन 24 नवंबर को गुरुपर्व के अवसर पर भोग साहिब के साथ होगा। दरबार में जनरल एवं पवन सिंह ने शबद-कीर्तन प्रस्तुत कर साध-संगत को निहाल किया। प्रबंधकों ने बताया कि इन 40 दिनों में साध-संगत को गुरु घर में हाजिरी लगाकर सेवा-सिमरन करने का विशेष अवसर मिलेगा। विश्व कल्याण के लिए अरदास हुई। गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। आयोजन को सफल बनाने में दरबार के प्रमुख भाई साहब मूलचंद नारवानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, अनीता नारवानी, ज्योति हिंदूजा, कशिश जैसवानी, स्नेहा पमनानी, पलक हरजपाल, वर्षा सुखीजा, अमृता लालचंदानी, पलक मखीजा, कंचन रोहरा, सोनिया कलवानी, मनन, डॉ सोनम कलवानी, अक्षय कुमार, नीलम, दीपक लालवानी सहित अन्य सेवादारों का सहयोग मिल रहा है।

राशन दुकानों में प्लांटेशन और स्वच्छता अभियान

बिलासपुर। सरकार ने राशन दुकानों में पौधरोपण व स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकार द्वारा स्पेशल कैंपेन 6 के कार्यान्वयन चरण में 29 अक्टूबर को एक दिवसीय स्वच्छता अभियान समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों मेंआयोजित करने का निर्देश दिया गया है। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान यथा स्वच्छ एवं बेहतर स्थान प्रबंधन, नागरिक केंद्रित कार्य, डीजिटाईजेशन, अभिलेखों का सरक्षण, ई-वेस्ट मैनेजमेंट, पर्यावरण अनुकूल गतिविधियां, पौधा रोपण कार्य, शिकायत निवारण आदि कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

---

22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक पंचायत भवनों में होगी चर्चा

खाद के अधाधुंध उपयोग से बिगड़ी मिट्टी की सेहत, सौ गांवों में होगा परीक्षण

बिलासपुर। जैविक खाद के अंधाधुध उपयोग से लगातार बिगड़ रही मिट्टी की सेहत की जांच करने एक अभियान चलाया जा रहा है। खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक विशेषज्ञों की टीम न केवल गांव-गांव जाकर खेत की मिट्टी का परीक्षण करेगी, बल्कि किसानों को विभिन्न विषयों की जानकारी भी दी जाएगी। इस अभियान के लिए प्रत्येक ब्लॉक से 25 गांवों का चयन किया गया है। जिले में कुल सौ ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जाएगा।

- प्रत्येक ब्लॉक से 25 व जिले के 100 ग्राम पंचायतों में चलेगा अभियान

खेत की मिट्टी स्वस्थ रहे, पानी की हर बूंद सहेजी जाए और फसल कटने के बाद भी जमीन का बेहतर उपयोग हो। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जिले में 'खेत बचाओ अभियान' शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग, फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए जागरूक भी किया जाएगा। जिले के चारों विकासखंड बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर और कोटा में 25-25 ग्राम पंचायत भवनों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिले में कुल 100 ग्राम पंचायत भवनों में किसानों तक खेती की उपयोगी जानकारी पहुंचाई जाएगी। प्रत्येग ग्राम पंचायतों में न्यूनतम 50 प्रगतिशील किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

मिट्टी की जरूरत समझकर करें खाद का उपयोग

अभियान का प्रमुख संदेश यह है कि किसान मिट्टी की जरूरत को समझें और उसी के अनुरूप खाद का उपयोग करें। किसानों को मृदा परीक्षण का महत्व बताते हुए उर्वरकों एवं अन्य कृषि आदानों के संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग की जानकारी दी जाएगी। जल संरक्षण एवं संचयन के साथ भूमि की उर्वरता बनाए रखने वाली टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

कटाई के बाद भी खाली न रहें खेत

धान की कटाई के बाद खाली रहने वाले खेतों के समुचित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। तिलहन, दलहन एवं बागवानी मिशन के माध्यम से किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए उनके बेहतर प्रबंधन के उपाय बताए जाएंगे।

जांच की जाएगी मिट्टी की सेहत

खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जिले के सौ ग्राम पंचायतों में जाकर न केवल मिट्टी परीक्षण कर खेत की सेहत जांची जाएगी, बल्कि कटाई के बाद ली जाने वाली फसल व खेती से संबंधित विभिन्न जानकारियां भी दी जाएंगी। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों, महिला कृषक स्व-सहायता समूहों, कृषि उत्पादक संगठनों, कृषि सखियों और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को भी जोड़ा जाना है।

-एमआर तिग्गा, डीडीए

मस्तूरी ब्लॉक के कई गांवों में यह स्थिति

खेत सूखे, डीजल पंप लगाकर हो रही खेतों की सिंचाई

बिलासपुर। धान की फसल को अच्छी पैदावार के लिए अंतिम बार सिंचाई की जरूरत है। मौसम विभाग द्वारा नवरात्र के दौरान बारिश की संभावना जाहिर की गई थी, लेकिन बारिश नहीं हुई। मस्तूरी ब्लॉक में अधिकांश गांवों में खेत लगभग सूखने की स्थिति में हैं। हालत यह है कि फसल बचाने किसानों को आसपास के नाले व तालाबों से डीजल पंप लगाकर खेतों तक पानी पहुंचाना पड़ रहा है।

- एक पानी की और जरूरत, तालाबों से हो रही व्यवस्था

दीवाली करीब है और धान में बालियां आने का समय आ चुका है। जल्दी व मध्यम अवधि वाली किस्मों को तो कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन लेट वेरायटी वाली धान की किस्मों को अभी एक पानी की और जरूरत है। मौसम विभाग द्वारा नवरात्र के बीच में सिस्टम के प्रभाव से दो से तीन दिनों की बारिश होने की बात कही गई थी। इस दौरान किसानों को पूरी उम्मीद थी कि बारिश से उनकी सारी जरूरतें पूरी हो जाएंगी। इधर दो से तीन दिनों की बारिश तो दूर एक दिन भी बारिश नहीं हुई। आसमान पर बादल छाते रहे लेकिन बिना बरसे ही बादलों की वापसी हो गई। अब कई गांवों में खेतों की हालत खराब नजर आ रही है। यह स्थिति मस्तूरी ब्लॉक में ज्यादातर नजर आ रही है। किसानों को डीजल पंप लगाकर दूरदराज के नालों छोटे बांधों से पानी खींचकर लाना पड़ रहा है। हालांकि इसके लिए उन्हें मोटी रकम भी खर्च करनी पड़ रही है। किराए पर मोटर पंप लाकर डीजल की व्यवस्था करने के बाद ही फसलों को पानी मिल पा रहा है। हालांकि फसल के लिए पानी की यह अंतिम जरूरत है, जिससे किसान भी पीछे नहीं हट रहे हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को यह विकल्प भी नहीं

आर्थिक रूप से कमजोर किसानों के सामने अपनी फसल बचाने के लिए डीजल पंपों से सिंचाई वाला विकल्प भी नहीं है। किसानों के अनुसार वर्तमान में मिट्टी तेल की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में किसानों को पंप चलाने के लिए डीजल की खरीदी करनी होगी। सौ रूपए प्रति लीटर से भी अधिक कीमत पर डीजल खरीदकर फसल की सिंचाई करना कमजोर किसानों के लिए महंगा साबित हो रहा है। लिहाजा वे अब भगवान भरोसे ही नजर आ रहे हैं।

बाक्स

जहां नहर नहीं, वहां अधिक परेशानी

मस्तूरी क्षेत्र के ऐसे गांव जहां नहर की सुविधा नहीं है, वहां अधिक परेशानी है। उन गांवों के किसानों को गांव के छोटे बांध, तालाबों व नालों में भरे पानी से सिंचाई करनी पड़ रही है। वैसे तो मस्तूरी क्षेत्र के काफी गांवों में खारंग की नहर से पानी की सप्लाई होती है, लेकिन ऐसे गांवों की संख्या भी काफी है, जो असिंचित हैं। ऐसे गांवों को फसल बचाने अपने स्तर पर ही व्यवस्था करनी पड़ रही है।

झारसुगुड़ा-बिलासपुर चौथी लाइन के साथ चांपा-कोरबा के बीच तीसरी लाइन को मंजूरी

दौड़ेंगी 100 से अधिक अतिरिक्त ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर में झारसुगुड़ा से बिलासपुर के बीच चौथी लाइन का काम करने के साथ अब चांपा से कोरबा के बीच तीसरी लाइन का कार्य भी सेंक्शन कर दिया गया है। इस लाइन के साथ ही बिलासपुर से नागपुर के बीच चौथी लाइन, बिलासपुर से कटनी मुड़वारा के बीच चौथी व तीसरी लाइन के अलावा नए कारीडोर बनने से 100 से अधिक अतिरिक्त ट्रेन चलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

2223 करोड़ की लागत से बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम 80 फीसदी से अधिक कम्पलीट होने के साथ सीआरएस की ओर से जांच भी की जा चुकी है। चौथी लाइन के बाद रेल प्रशासन की ओर से बिलासपुर से कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी और चौथी लाइन के लिए मांग की थी, जिसके बाद रेलवे बोर्ड ने कटनी मुड़वारा से लेकर अनूपपुर और पेण्ड्रारोड तक चौथी लाइन के अलावा पेण्ड्रारोड से बिलासपुर के बीच तीसरी लाइन का कार्य सेंक्शन कर दिया गया है। इन लाइन के साथ ही बिलासपुर से नागपुर के बीच अलग-अलग चरणों में चौथी लाइन के कार्य भी शुरु कर दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कटनी से शहडोल तक, छत्तीसगढ़ में पेण्ड्रा से बिलासपुर के अलावा महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़,



ओडिशा प्रदेश को जोड़नें के लिए खरसिया से नया रायपुर होते हुए परमलकसा और एक अन्य कारीडोर में कटघोरा से डोंगरगढ़ के बीच लाइन की स्वीकृति दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अफसरों को मिल चुकी थी। इसमें अब तक चांपा से कोरबा के बीच दोहरी लाइन में ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिसमें कोल वासरी से कोयला लोडिंग व अनलोडिंग करने के बाद मालगाड़ियां चांपा से बिलासपुर होते हुए दूसरे प्रदेश के लिए निकल रही है। इसकी वजह से प्रतिदिन यात्री ट्रेनों को कहीं भी नियंत्रित करने के कारण लोग भी परेशान हो रहे हैं। इन दोनों स्टेशन चांपा से कोरबा के बीच 42 किलोमीटर लंबी चांपा से कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना को 755 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

33 रेल परियोजना का कार्य प्रगति पर

छत्तीसगढ़ प्रदेश में 26906 करोड़ की लागत से 1364 किलोमीटर लंबाई की 32 रेल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। इन परियोजना के पूर्ण होनेसे रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ने से अधिक यात्री ट्रेनों का संचालन संभव होगा और ट्रेन समय पर चलेगी। दूरस्थ व आदिवासी अंचलों को रेल संपर्क एवं सुगम व तेज सफर की सुविधा मिलेगी। व्यापार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होने से प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

-शेख समी उर रहमान
सीपीआरओ, एसईसीआर



शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि आईजी ने किया परिजनों का सम्मान

बिलासपुर। 2री वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सकरी में आज पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पुलिस बैंड की धुन के साथ भव्य परेड आयोजित कर शहीदों को सलामी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी राम गोपाल गर्ग ने 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक की अवधि में देशभर में शहीद हुए पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की नामावली सूची का वाचन किया। इसके पश्चात शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया तथा आईजी ने उनसे मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, एसएसपी रजनेश सिंह, उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल, सेनानी 2री वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सकरी-बिलासपुर प्रतिभा पाण्डेय सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सेवानिवृत्त पुलिस उप महानिरीक्षक पी.एस. ठाकुर, एच.आर. मनहर एवं टी. एक्का, सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक सी.डी. टंडन, जिला सेनानी नगर सेना दीपांकुर नाथ सैमुअल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पटेल, सहायक सेनानी एच.एल. ध्रुव, किरण गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता केरकेट्टा तथा उच्च न्यायालय सुरक्षा में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह बैस आदि मौजूद थे।

रामलला के दर्शन को निकले 850 श्रद्धालु, सांसद जांगड़े और विधायक कौशिक ने दिखाई हरी झंडी

बिलासपुर। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज बिलासपुर रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गाजे-बाजे, पारंपरिक नृत्य और पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालुओं को आत्मीय विदाई दी गई। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा रेलवे स्टेशन गूंज उठा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सभापति भारती नीरज माली, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की तीर्थयात्रा का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से इस योजना से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शन का अवसर मिल रहा है। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का सम्मान है। मुख्यमंत्री श्री साय की संवेदनशील पहल से प्रदेश के हर वर्ग के लोगों को प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। पुष्प वर्षा के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु अयोध्या धाम में श्री रामलला के साथ काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करेंगे।



प्राचार्य मंच ने डीईओ से की मुलाकात कर सौंपा 19 सूत्रीय मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग प्राचार्य मंच के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पांडेय से मुलाकात कर जिले की परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए 19 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। मंच ने अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रश्न ब्लैक बोर्ड पर लिखने की व्यवस्था बंद करने, प्रश्नपत्र जिला शिक्षा कार्यालय से प्रिंट कराकर शालाओं तक पहुंचाने और उनकी गोपनीयता सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, लिपिकीय कर्मचारी और प्यून की व्यवस्था करने पर जोर दिया।

मंच ने शिकायतों की जांच में सभी प्राचार्यों को समान अवसर देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 100 से अधिक नवीन पदोन्नत प्राचार्यों को भी जिला शिक्षा कार्यालय के विभिन्न दायित्वों में शामिल किया जाना चाहिए। किसी शिकायत पर प्राचार्य के पक्ष को सुने बिना सीधे कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।मंच ने कहा कि हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल परिसरों में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी प्राचार्यों पर है। ऐसे में सभी संबंधित शालाओं के लिए पर्याप्त वित्तीय व्यवस्था की जाए और कंटीजेंसी मद का उचित वितरण हो। सभी स्कूलों में ऑनलाइन कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय व तकनीकी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्यों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका के संधारण सहित लंबित समस्याओं के समाधान के लिए जिला शिक्षा कार्यालय में एक दिन निर्धारित करने की मांग की। साथ ही एक ही जानकारी बार-बार मांगने की व्यवस्था समाप्त कर डीईओ, बीईओ और समग्र शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। मंच ने सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों को डीडीओ अधिकार देने, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने तथा विभागीय बैठकों में डीईओ या प्राचार्य स्तर के अधिकारियों से मार्गदर्शन दिलाने की मांग भी रखी। प्रतिनिधिमंडल में संजय शर्मा,रामगोपाल साहू, राजेश शर्मा, सरिता यादव, आरके डहरिया, तोषण गुप्ता, डॉ. मुकेश पांडेय, चिंताराम कश्यप और रामेश्वर गुप्ता शामिल थे।

बिजनेस प्लस

यामाहा की नई आर 2 बाइक के पहले ग्राहक बने समीर



बिलासपुर। यामाहा की नई रेसिंग स्पोर्ट बाइक आर 2 की डिलीवरी तिरुपति बालाजी मोटर्स स्थित यामाहा शोरूम में दी गई। गौरव पथ स्थित शोरूम में आयोजित कार्यक्रम में समीर खंडे शहर में इस बाइक को खरीदने वाले पहले ग्राहक बने। 204 सीसी इंजन वाली नई आर 2 बाइक आधुनिक फीचर्स से लैस है। रेसिंग स्पोर्ट सेगमेंट में पेश की गई यह बाइक युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।बाइक की डिलीवरी के अवसर पर शोरूम प्रबंधन की ओर से समीर खंडे को उपहार भेंट किया गया। साथ ही केक काटकर उन्हें नई बाइक की चाबी सौंपी गई। शोरूम प्रबंधन के अनुसार नई आर 2 को ग्राहकों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। आने वाले दिनों में बाइक की बुकिंग बढ़ने की उम्मीद है।

केस सज्जा और भजन स्पर्धा में दृष्टिबाधितों ने दिखाई प्रतिभा



बिलासपुर। नवरात्रि पर लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने प्रोजेक्ट विजन के तहत नेत्रहीन स्पर्श कन्या शाला अभिलाषा परिसर में सभी दृष्टिबाधित बच्चियों के बीच में केस सज्जा एवं गीत भजन प्रतियोगिता कराई। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

केश सज्जा प्रतियोगिता में नौ कन्याओं को विजेता घोषित करते हुए अध्यक्ष संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा ने उन्हें सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता प्राचार्य ज्योति तिवारी ने सभी बच्चों के बीच में क्लब के सहयोग से करवाई। सभी बच्चियों ने ढोलक मंजीरे के साथ देवी भजन,गीत, कविता की प्रस्तुति दी। वहीं स्वच्छता का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत बच्चियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। प्रोजेक्ट पर्यावरण के अंतर्गत अभिलाषा परिसर में 10 पौधे रोपे गए। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण कार्यालय में 10 पौधे वहां की कार्य पालन अभियंता जूही श्रीवास्तव को कार्यालय प्रांगण में लगाने हेतु दिए गए।



खबर संक्षेप

आज सदर बाजार क्षेत्र में बंद रहेगी बिजली

तखतपुर। दिवाली पूर्व विद्युत विभाग की ओर से रखरखाव के लिए 22 से 28 अक्टूबर तक अलग अलग क्षेत्रों में प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रखी जाएगी। 22 अक्टूबर को तखतपुर मेन रोड, सदर बाजार, मण्डी चौक, होलिका चौक, रावण भाठा, ठाकुरदेव मंदिर, जनकपुर रोड़, शरन नगर, नया एवं पुराना बस स्टैण्ड, जेएमपी कालेज हाईस्कूल क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

जनपद पंचायत में समीक्षा बैठक आज

मुंगेली। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत संचालित योजनाओं की कार्यशाला सह समीक्षा बैठक 22 अक्टूबर को दो पालियों में रखी गई है। जिला पंचायत सीईओ गोकुल राम रावटे की उपस्थिति में विकसित भारत-जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास-ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन एवं 16वें वित्त योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद पंचायत स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित है। बैठक में सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक के साथ-साथ जनपद पंचायत मुंगेली के प्रभारी अधिकारी भी शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष घोसले ने दी।

लोरमी में रक्तदान जांच शिविर कल

लोरमी। आरोग्यम सर्जिकल क्लीनिक साहू धर्मशाला में 23 अक्टूबर को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक रक्तदान एवं निःशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक मेडिकल टीम है। इसकी सहयोगी संस्था हंस वाहिनी शिक्षण समिति एवं हंस वाहिनी ब्लड सेंटर सरकंडा बिलासपुर है।

निधन

सुगनामल बतरा

बिलासपुर। परसदा रामा वैली शीला हाइट्स के पास निवासी सुगनामल बतरा का निधन हो गया। वे 96 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे बिमंदराम बतरा के भाई एवं धनराज बतरा-खैराजमल बतरा के पिता थे।



मीना वंशकार

बिलासपुर। तखतपुर पाठक पारा वार्ड क्रमांक 6 निवासी मीना वंशकार का निधन 21 अक्टूबर को हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 22 अक्टूबर को स्थानीय मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे भुवनेश्वर वंशकार की मां थीं



डॉ. चुन्नीलाल देवांगन

बिलासपुर। चांटीडीह अंजलि विहार निवासी बीएसएनएल के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. चुन्नीलाल देवांगन का 21 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार चांटीडीह मुक्तिधाम में किया गया। वे लव प्रसाद देवांगन के पिता थे।



सागर पाठक

मुंगेली। पाठकपारा निवासी पं. सागर पाठक 45 वर्ष का 21 अक्टूबर प्रातः 4 बजे निधन हो गया। वे शिशु मंदिर के आचार्य रहे स्व. कमल प्रसाद पाठक के पुत्र थे। वे अपने पीछे मां व पत्नी सहित एक पुत्र व एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार दाऊपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



रमेश पाण्डेय

तखतपुर। वार्ड क्रमांक 7 निवासी सेवानिवृत्त सीएमओ रमेश पाण्डेय 62 वर्ष का 21 अक्टूबर को गुजरात में निधन हो गया है। वे शैलेष पाण्डेय, नरेश पाण्डेय के भाई एवं अवि पाण्डेय के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 23 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।



हजारों श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन, दुर्गा प्रतिमा संग किया गया जवारे का विसर्जन

डिडनेश्वरी मंदिर से निकली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



धर्मनगरी मल्हार में परंपरानुसार नवरात्र पर्व के समापन के बाद बुधवार को मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर इस शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं एवं युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता निभाई। शोभायात्रा के दिव्य एवं मनोहारी दृश्य को देखने के लिए आसपास के गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ मेला चौक से लेकर मंदिर तक उमड़ पड़ी। मान्यता है की माता जी स्वयं शोभायात्रा में अदृश्य रूप से शामिल होकर नगरवासियो की कुशलक्षेम जानने आतीं है और लोगों को आशीर्वाद प्रदान करती है।

शोभायात्रा का शुभारंभ मां डिडनेश्वरी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हुआ। इसके पश्चात कलशयात्रा ठाकुरदेव चौक, बाजार चौक और स्कूल चौक होते हुए मेला चौक पहुंची। मार्ग में देवांगन मोहल्ले की महिलाओं ने अपने घरों के सामने चौक सजाकर एवं आरती की थालियां तैयार कर शोभायात्रा का स्वागत किया और विधिवत पूजा-अर्चना कर माता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मेला चौक पहुंचने पर शोभायात्रा का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। मांदर की थाप पर झूमते-नाचते श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

उत्साह और आस्था के बीच कलश शोभायात्रा भगवान पातालेश्वर के दरबार में प्रवेश कराई गई, जहां विधि-विधान से पूजा-पाठ संपन्न हुआ। जिसके बाद पौराणिक महत्व के खैया तालाब में जंवारा का विसर्जन किया गया। धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए शोभायात्रा पुनः मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर के लिए रवाना हुई। मंदिर पहुंचने पर धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति के साथ श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी को प्रसाद वितरित किया गया। भक्ति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का संदेश देती इस भव्य कलश शोभायात्रा के संपन्न होने के बाद मंदिर ट्रस्ट ने नवरात्र पर्व के समापन की घोषणा की। पूरे आयोजन के दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

भक्तों ने बाजे-गाजे के साथ दी मां जगदंबे को विदाई



सीपत। क्षेत्र में नौ दिनों तक भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने के बाद बुधवार को मां जगदंबे को विदाई दी गई। सुबह से ही विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में विसर्जन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। इसके बाद गाजे बाजे और भक्तिमय माहौल के बीच मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। क्षेत्र में निकली विसर्जन यात्रा के दौरान कहीं मधुर भजन कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजती रहीं, तो कहीं बैंड बाजे और डीजे की धुन पर श्रद्धालु मां की भक्ति में झूमते नजर आए। सड़कों पर मां दुर्गा के जयकारों के साथ भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं ने मां जगदंबे से क्षेत्र की सुख समृद्धि, खुशहाली और परिवारों की मंगलकामना करते हुए अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की। नौ दिनों तक माता की आराधना, ज्योत जंवारा, भजन कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से भक्तिमय रहा क्षेत्र विसर्जन के साथ भावुक हो उठा। मां की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से उन्हें विदा किया और अगले वर्ष फिर से मां के आगमन की उम्मीद के साथ आशीर्वाद मांगा।

माता रानी की विदाई, घुड़ूकापा में उमड़ा आस्था का सैलाब



जरहागांव। शारदीय नवरात्र एवं दशहरा पर्व के उल्लास के बाद ग्राम घुड़ूकापा में दशहरा के दूसरे दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। मां दुर्गा को विदाई देने के लिए गांव के बच्चे, महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। भक्तों ने बाजे-गाजे के साथ भव्य विसर्जन यात्रा निकाली, जो पूरे गांव में भ्रमण करती हुई आगे बढ़ी।

■ बाजे-गाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा

विसर्जन यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मां दुर्गा के जयकारों से गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने मां के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द की सुंदर झलक देखने को मिली। मां दुर्गा की विदाई के इस भावुक क्षण में श्रद्धालुओं ने नम आंखों और नम्र हृदय से माता रानी को विदा किया तथा अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। ग्रामीणों की सामूहिक भागीदारी से यह आयोजन यादगार बन गया। घुड़ूकापा के ग्रामीणों ने एकजुट होकर मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न कराया। इस मौके पर चंद्र कुमार साहू, टीकाराम साहू, महेश कुमार साहू, दिनु साहू, मनमोहन साहू, मनीष कुमार साहू, रूपेश कुमार साहू, गरितेश साहू, किशोरी लाल साहू, विनोद साहू, गुरु साहू (पंडा), मोहित निर्मलकर (पुजारी), मोतीलाल साहू, कल्पना साहू, तुकाराम, मनीष साहू, गौरी साहू, दीप्ति साहू, नीलम साहू, विष्णु साहू, निलेश साहू, रितेश साहू, सुकृता साहू, सुनीता साहू, सावित्री साहू, संध्या साहू एवं दीक्षा साहू सहित समस्त ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

हाथों में खप्पर, त्रिशूल लेकर दी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति



लोरमी। राजा कालोनी दुर्गोत्सव समिति द्वारा दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम के साथ किया गया। डीजे एवं सर्वेशवरी धुमाल की धुन पर झांकी निकाली गई। दुर्ग की टीम की शानदार प्रस्तुति ने लोगों को आकर्षित किया। झांकी ग्रुप दुर्ग की 9 महिलाओं ने नवदुर्गा का रूपधारण कर हाथों में जलता हुआ खप्पर, त्रिशूल लेकर नगर के मुख्य मार्गों चौक चौराहों में शानदार नृत्य का प्रदर्शन किया। मुख्य मार्गो पर भीड़ उमड़ पड़ी। जाम की स्थिति होने पर समिति के कमलेश श्रीवास आंनद श्रीवास आदि ने मोर्चा संभाला और यातायात बहाल कराया। भक्तिमय माहौल के साथ मातारानी को विदाई दी गई। लोगों ने झांकी की सराहना की। नगर में भक्तिमय माहौल दिखाई दिया। दुर्गा प्रतिमा को लेकर निकली शोभायात्रा नगर के मुख्यमार्गों से भ्रमण कर शिव घाट में विसर्जन किया गया। इसी तरह जग जग जननी दुर्गोत्सव समिति थाना ग्राउंड, जय दुर्गा वार्ड दुर्गोत्सव समिति एवं नगर की सभी समितियों द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूम धाम के साथ किया गया।

दिन भर चलता रहा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का दौर



तखतपुर। नवरात्रि पर्व पर नगर में विराजित मां दुर्गा का विसर्जन का सिलसिला आज दिनभर चलता रहा, सुबह से ही पण्डालों से मां दूर्गा की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया गया विसर्जन के लिए अपनी सुविधा अनुरूप विसर्जन के लिए स्थल चयन किए जहां मनियारी, खपरी, खुड़िया सहित तालाबों में भी विसर्जन किया गया। नगर के मनियारी एनीकट पर भी भक्तों ने माता की प्रतिमा का विसर्जन समितियों के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के पहले नगर में बाजे गाजे के साथ झांकीयां निकाली गई और श्रद्धा के साथ झुमते हुए विसर्जन हुआ। सुबह से लेकर विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा जिसमें युवा, बच्चें, महिलाएं, बड़ी संख्या में शामिल हुए।

ग्रामीण अंचल में रही दशहरा उत्सव की धूम



लोरमी खपरीकला क्षेत्र के ग्राम कापादह, सहसपुर, खपरीकलां, लगरा, तथा साल्हेघोरी सहित आसपास के गांवों में विजयादशमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि के समापन पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ जवारा विसर्जन किया। गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने माता रानी की भक्ति में लीन होकर जवारा विसर्जन यात्रा निकाली। विजयादशमी पर ग्रामीण क्षेत्रों में बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रूप में विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एकत्र हुए और श्रीराम के जयकारों से पूरा माहौल गूंज उठा। दहन व धार्मिक कार्यक्रमों के पश्चात परंपरा अनुसार ग्रामीणों ने एक-दूसरे को 'सोन पत्ती' (सोना पत्ती) देकर पर्व की बधाई दी। छोटों ने अपनों से बड़ों के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया और आपसी प्रेम, सद्भाव तथा भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और बच्चे उपस्थित रहे।

ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन पर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन



पथरिया। नगर में बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। ढोल-बाजे और डीजे की धुन पर निकली विसर्जन यात्रा में श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह भक्तों ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा। नगर भ्रमण के बाद प्रतिमाओं को प्रशासन द्वारा चिन्हित तालाबों में ले जाया गया, जहां विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मां की विदाई के समय भक्तों में उत्साह के साथ भावुकता भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। नवरात्रि के नौ दिनों तक नगर में पूजा-पाठ और आरती सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियों से माहौल भक्तिमय रहा। बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ ही नवरात्रि उत्सव का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर से मां दुर्गा की स्थापना कर उत्साह और श्रद्धा के साथ पर्व मनाने की कामना की।

अखंड राम नाम सप्ताह में शामिल हुए तोखन व धरमलाल



बिल्हा। नगर में चल रहे श्री अखंड राम नाम सप्ताह पर श्री राम दरबार के दर्शन के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी पहुंचे। तीनों अतिथियों ने श्री राम दरबार के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और श्री राम दरबार की फेरी लगाकर राम नाम संकीर्तन किया।

इस अवसर पर तोखन साहू ने कहा कि बिल्हा की यह 90 साल पुरानी परंपरा हमारी संस्कृति और आस्था की पहचान है। अखंड राम नाम सप्ताह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का परिणाम है, जो पीढ़ियों से लोगों को जोड़कर रखे हुए है। धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह परंपरा हमारे बुजुर्गों ने शुरू की थी और आज भी उसी उत्साह के साथ चली आ रही है। यह हमारी एकता और संस्कारों को दर्शाती है। भगवान श्री राम सभी के जीवन में खुशहाली लाएं। भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि श्री राम नाम में अपार शक्ति है। ऐसे आयोजन से नगर में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे का संचार होता है। मैं सभी नगरवासियों को इस पुण्य आयोजन की शुभकामनाएं देता हूं। आयोजन समिति की ओर से नारायण शर्मा, अगर दास एवं विवेक शर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेण्ड्रे, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, मोहन डोरिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, कोमल ठाकुर, महेत्तर गिरी, देवलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौके पर मौत



बिल्हा। बिल्हा मोड़ की ओर स्कूटी से जा रहे युवक को हाइवा टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। मौके पर भीड़ जमा होने पर हाइवा चालक फरार हो गया। चक्काजाम की स्थिति से निबटने के लिए बड़ी संख्या पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार दोपहर 12 निपानिया नाला की ओर से आ रहे तेज रफ्तार एवं अनियंत्रित हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीएच 7085 के ड्राइवर ने नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए स्कूटी से बिल्हामोड़ की तरफ जा रहे इरफान कुरैशी पिता मोहम्मद मुस्कान कुरैशी निवासी वार्ड क्रमांक 12 आमापारा बिल्हा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। यह दुर्घटना इतने तक ही सीमित नहीं थी स्कूटी सवार को चपेट लेने के पश्चात हाइवा ने एक बाइक सवार को भी टक्कर मार दी और महावीर फ्यूल्स के परिसर में जा घुसा। दुर्घटना की वजह ड्राइवर का नशे में धुत होना एवं ओवरलोड और तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक हाइवा चलाना बना। ड्राइवर मौके से फरार होने में सफल हो गया। हाइवा पेट्रोल पंप के किसी भी मशीनरी से टकराती तो बड़ी जान माल की हानि हो सकती थी। चक्काजाम की स्थिति निर्मित होने पर पुलिस थाना बिल्हा, हिरीं, चकरभाठा से पुलिस बल मंगाया गया। नगरवासियों ने मांग रखी कि बिल्हा रेलवे साइडिंग को बिल्हा रेलवे स्टेशन से स्थानांतरित कर दूसरी जगह पर किया जाए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो व जो परेशानी बिल्हा वासियों को हो रही है उससे निजात मिल सके।

हजारों की भीड़ ने देखा असत्य पर सत्य की जीत का नजारा

सीपत। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी का पर्व मंगलवार को सीपत क्षेत्र में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सीपत के धान मंडी मैदान और स्कूल मोहल्ला में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग जुटे। 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आसमान रंग बिरंगी आतिशबाजी से रोशन हो गया और लोगों ने उत्साह के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जनपद सदस्य मनोज खरे, सहकारिता प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तामेश्वर कौशिक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. सनत मिश्रा और थाना प्रभारी राजेश मिश्रा उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों और 20 पंचों की मौजूदगी में रावण दहन किया गया। धान मंडी मैदान और स्कूल मोहल्ला के अलावा गुप्ता मोहल्ला, भोई मोहल्ला, नवीन चौक, नवाडीह चौक और बाजार मोहल्ला सहित विभिन्न स्थानों पर भी विजयादशमी का उत्सव मनाया गया। बच्चों और युवाओं ने रावण के पुतले तैयार कर उनका दहन किया। कई स्थानों पर सामाजिक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सीपत थाना प्रभारी राजेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर व्यवस्था बनाए रखने के साथ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिसकर्मी जुटे रहे।



हांफा में रामलीला का मंचन कर रावण का पुतला दहन



सकरी। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व अंचल में धूमधाम से मनाया गया। ग्राम हांफा में 159वें वर्ष प्राचीन पारंपरिक रामलीला का मंचन करने के बाद रावण पुतला दहन किया गया । गांव के पंचायत भवन मैदान में हमर हांफा दुर्गा दशहरा उत्सव समिति द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया। राम प्रतीक तिवारी, लक्ष्मण रुद्र पाण्डेय, सीता सत्यम तिवारी, हनुमान शिवम तिवारी, रावण आकाश अवस्थी, सूत्रधार तुषार अवस्थी, गणेश श्रीयांश दुबे, सरस्वती जतिन केवट, पार्वती सत्यम तिवारी, मंदोदरी लक्ष्य श्रीवास, विभीषण यश शर्मा, अंगद आदित्य पाठक, मातली गजानंद तिवारी, सेनापति मानस यादव, लक्ष्य श्रीवास, जय ध्रुव, संस्कार मानिकपुरी, आदित्य यादव, शुभम जांगड़े, आकाश ध्रुव ने अभिनय किया। रामलीला देखने हजारों की संख्या में गांव एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीण दर्शक उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
स्वाति कश्यप **विरूद्ध** छ.ग. शासन
रा.प्र.क्र. / अ-63अ/2026-27
ग्राम सागर प.ह.नं. 32

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि आवेदिका स्वाति कश्यप पति श्री रामेश्वर प्रसाद कश्यप जाति कुर्मी निवासी ग्राम तखतपुर तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा मौजा तखतपुर प.ह.नं. 28 रा.नि.मं व तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 245/10, 97/60, 15/34 रकबा क्रमशः 2310 व.फु., 1855 व.फु. 1747 व.फु. भूमि स्थित है, जो कि आवेदिका के हक स्वामित्व की भूमि है, उक्त वादभूमि के वर्तमान आनलाईन राजस्व रिकार्ड में रकबा त्रुटिवश कम दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर सही रकबा आवेदिका के नाम पर दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 22/10/2026 को सुनवाई नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे नियत तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 9/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार तखतपुर

ईश्तहार वास्ते ना. बा. पुत्र के नाम परिवर्तन हेतु

मै, अमित कुमार द्विवेदी उम्र 46 वर्ष पिता श्री बाबूलाल द्विवेदी, आधार नंबर 2028 3845 3261 है, वर्तमान निवासी वार्ड नंबर-09, हाउस नंबर बी/04, प्रियदर्शनी नगर व्यापार विहार रोड बिलासपुर छ.ग. का हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूँ तथा प्राइवेट कार्य करता हूँ, तथा मेरी पत्नि व पुत्र वर्तमान में छ.ग. से बाहर निवासरत हैं, अर्थात जबलपुर (म.प्र. मे है, तथा मेरा पुत्र अनंत कुमार द्विवेदी वहाँ सौरभ इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 4 थी का छात्र है, उसके शिक्षा प्रमाण पत्र मे घरेलू नाम नरेन्द्र कुमार द्विवेदी दर्ज हो गया है, जिते संशोधित कराना चाहता हूँ, तथा उसका नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार अनंत कुमार द्विवेदी कराना चाहता हूँ। 2. मेरे पुत्र का आधार नंबर-3453 0972 4570 है, जिस पर उसका नाम अनंत कुमार द्विवेदी सुधार कराना चाहता हूँ, मेरे पुत्र का जन्म दिनांक-05/07/2015 है। अतः उक्त संदर्भ में इस आम सूचना का प्रकाशन करा रहा हूँ।

कृपया अवगत हो।
दिनांक- 16/10/2026
बिलासपुर छ.ग.
हस्ताक्षर अमित कुमार द्विवेदी

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधिवक्ता श्री प्रकाश श्रीवास्न द्वारा दिनांक 18/10/2026 को समाचार पत्र में ग्राम रतनपुर, प.ह.नं. 12, तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि, जिसका खसरा नंबर 6383/3, 6384/3/2 एवं 6384/36 कुल रकबा 1.18 एकड़ है, के संबंध में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के संदर्भ में यह खंडन प्रकाशित किया जा रहा है।उक्त भूमि के संबंध में श्री राजू श्रीवास, पिता श्री मालिक राम श्रीवास, निवासी वार्ड क्रमांक 08, डबरा पारा, रतनपुर, तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा पूर्व में ही श्री मयंक यादव के पक्ष में दिनांक 03/09/2024 को विधिवत इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है। उक्त इकरारनामे के अनुसार भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में दोनों पक्षों के मध्य सहमति हो चुकी है तथा विक्रय राशि के भुगतान का विवरण भी इकरारनामे में उल्लेखित है।अतः उक्त भूमि के संबंध में दिनांक 18/10/2026 को प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में पूर्व से ही इकरारनामा निष्पादित होने की जानकारी सार्वजनिक की जा रही है। आम जनता उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय अथवा अन्य व्यवहार करने से पूर्व उक्त तथ्यों एवं संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन कर लें, ताकि किसी प्रकार की गलतफहमी अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

प्रकाशनकर्ता
रवि सिंह राजपूत (अधिवक्ता)
उसलापुर, बिलासपुर
7611155554, 8878174122

हरिभूमि

बिलासपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255











झांकियां देखने उमड़ा शहर













राष्ट्र, समाज की रक्षा के लिए स्वयंसेवकों में समर्पण भाव होना आवश्यक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संजीवनी प्रभात शाखा दाहिर उपनगर की ओर से बुधवार को पथ संचलन निकाला गया। इसमें करीब 117 स्वयंसेवकों ने बस्ती भ्रमण किया। मुख्य वक्ता नारायण नामदेव ने कहा कि राष्ट्र, धर्म और समाज की रक्षा के लिए स्वयंसेवकों में समर्पण का भाव आवश्यक है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयोजन में संघ की 101वीं वर्षगांठ के अवसर पर संगठन की कार्ययात्रा, अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा के संकल्प पर प्रकाश डाला गया। पथ संचलन के बाद मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव का पाथेय प्राप्त हुआ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत संपर्क टोली के सदस्य डॉ विनोद तिवारी तथा नगर सह संघचालक मुनेश्वर राम कौशिक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता नारायण नामदेव ने संघ की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए स्वयंसेवकों की कार्यकुशलता, जीवटता, कर्मठता और सहनशीलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयंसेवक एकता, संकल्प और सेवा भाव के साथ कार्य करते हैं। संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगाए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन ने विभिन्न परिस्थितियों का सामना करते हुए अपनी कार्ययात्रा जारी रखी। राष्ट्र प्रेम से प्रेरित होकर सेवा कार्यों में जुटना ही संगठन की कार्यपद्धति का महत्वपूर्ण आधार है। कार्यक्रम में प्रार्थना के बाद शस्त्र पूजन किया गया। आयोजन में स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन



स्वयंसेवकों ने किया व्यायाम योग का प्रदर्शन

आरएसएस ने मनाया संघ का स्थापना दिवस



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केशव उपनगर की बाल गंगाधर तिलक शाखा ने श्री विजयादशमी पर संघ का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान दंड संचालन, आसान, बाल स्वयंसेवकों द्वारा निःयुद्ध व व्यायाम योग तथा घोष की विभिन्न रचनाओं का उत्कृष्ट वादन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद तिलक नगर स्कूल से संचलन प्रारंभ कर किया गया। संचलन तिलक नगर बस्ती के मुख्य मार्ग से होते हुए शाखा स्थान सार्वजनिक हनुमान व्यायाम शाला पहुंचा। वहां पहुंच कर सर्वप्रथम शस्त्र पूजन किया गया। मुख्य शिक्षक जी. अनंत ने शाखा लगाई। जिसमें सभी ने मिल कर शारीरिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर दिग्विजय सिंह चौहान उपनगर के संघचालक, मुख्य वक्ता अजय सूर्यवंशी विभाग संपर्क ने बताया कि भारतीय हिंदू परंपरा में विजयादशमी पर्व सामूहिक शक्ति के जागरण का पर्व है। यही वह पावन दिवस है जब मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र ने अधर्मी रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय का शंखनाद किया था। इसी तिथि को जगत जननी मां दुर्गा ने अष्टभुजी स्वरूप धारण कर महिषासुर का संहार कर धर्म की रक्षा की थी। कार्यक्रम में विश्वास जलताड़े, सौरभ वर्तक, माधव मिश्रा, श्रीरंग काले, अनुपम दुबे, कौस्तुभ वर्तक, बाबा राव सोमावार, राजेश सिंह ठाकुर, भास्कर वर्तक, वसंत कोन्हेर, कृष्णराव शिल्लेदार, निलेश रजक, उल्हास डबली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संघ की प्रार्थना साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन निलेश रजक ने किया।

हनुमान सेवा समिति ने किया 34 स्थानों में पाठ



बिलासपुर। श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण ने 34 स्थानों में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा एवं श्री राम स्तुति महापाठ किया। वहीं 1500 हनुमान चालीसा की निःशुल्क पुस्तिका श्रद्धालुओं के बीच वितरित की गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के द्वितीय दिवस से प्रारंभ यह कार्यक्रम अंतिम नवमीं दिवस तक चलता रहा। साथ ही महापाठ के लिए आमंत्रित करने वाले समिति के सदस्यों को रामपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया गया। सामूहिक महापाठ आयोजन का यह तृतीय वर्ष था। इन तीन वर्षों में समिति के सदस्यों ने कुल 101 स्थानों में पहुंच कर कार्यक्रम को सबके साथ मिलकर सफल बनाया समिति का प्रमुख उद्देश्य धर्म के प्रति लोगों को जागरूक व संगठित करना एवं नशे के खिलाफ आवाज उठाना रहा।

दुर्गा पूजा उत्सव का समापन, गरबा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

सकरी स्थित रामा लाइफ सिटी में नवरात्रि आयोजित दस दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव का उत्साह और उल्लास के साथ समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों ने रहवासियों को एक साथ जुड़ने का अवसर दिया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उत्सव के अंतर्गत गरबा, म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा, जागरण, बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजक खेल और बिग हाउसी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों को रोचक बनाने के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए थे, जिससे प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

दस दिनों तक चले इस उत्सव में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक मेल-मिलाप और सामूहिक सहभागिता का माहौल बना रहा। गरबा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन में विशेष रंग भरे, वहीं विभिन्न खेलों ने रहवासियों को मनोरंजन के साथ एक-दूसरे के करीब आने का अवसर दिया। उत्सव के सफल आयोजन में रामा लाइफ सिटी सकरी महिला मंडल समिति का विशेष सहयोग रहा। आयोजन ने नवरात्रि के समापन को यादगार बनाने के साथ कॉलोनी में उत्साह, सौहार्द और सामुदायिक एकता का संदेश दिया।

कार्नर न्यूज

सतबहनिया मंदिर में काली की स्थापना कर की गई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मां सतबहनियां महिला सेवा समिति कुदुदण्ड के तत्वावधान में आयोजित नवरात्रि के प्रथम दिवस मां काली की स्थापना अशोक श्रीवास ने किया। पंडित ने इसकी प्राण-प्रतिष्ठा कराई। इसके बाद मंदिर में स्थापित जगत जननी दुर्गा मां और मां सतबहनियां दाई की श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। मां दुर्गा, मां काली और सतबहनियां दाई का श्रृंगार समिति की सभी सदस्यों ने किया।

मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश पं. बद्री प्रसाद मिश्रा ने प्रज्वलित करवाया। सदस्यों ने जेवारा बोए। प्रतिदिन मंदिर में सुबह-शाम विधि विधान से पूजा पाठ पं. बद्री प्रसाद मिश्रा ने करवाया। प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता रहा। महिला समिति ने भजन कीर्तन और जसगीत का आयोजन किया। षष्ठी के दिन मंदिर में गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। इससे पूरा मोहल्ला भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। दुर्गा अष्टमी पर्व पर हवन हुआ। मां सतबहनियां दाई और मंदिर प्रांगण की जगत जननी मां दुर्गा का श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-पाठ किया गया। मां को अठवाई और 56 भोग लगाया गया।



निकाली गई जवारा यात्रा



शाम को मंदिर में जवारा विसर्जन किया गया। जवारा यात्रा मंदिर से निकलकर कुदुदण्ड चांदनी चौक, शिव मंदिर होते हुए सेफर स्कूल तक जयकारा लगाते हुए गए। जवारा विसर्जन के लिए जसगीत मंडली नरगोड़ा से बुलाया गया था। समिति के सदस्य जमुना सोनी, सुशीला, सरिता, सहोदया, किशोरी, सुभ्रा, श्यामा, इंद्राणी, आशा, रीता, गंगोत्री, माधवी, काजल, शिवानी, सुषमा, सीमा, रमा, राजकुमारी, अन्नपूर्णा, सीता, शिव कुमारी, रानी, सुनीता, सुनीता, सीता, इंद्राणी, करूणा, रूखमणी, सरला, सहुरमती, सुनीता, पवन सोनी, ईश्वर, भोगीराम, बद्री प्रसाद, सुरित राम, राधे, संदीप ने जवारा विसर्जन महामाया तालाब सकरी में विधि-विधान से किया गया।

दुर्गा रूप में रहे बच्चे

नवमीं के दिन मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें मां दुर्गा रूप में छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को समिति और अपने तरफ कुछ गिफ्ट और नगद राशि देकर उनसे आशीर्वाद लिया गया। पंडा भोगी राम यादव और राधे मरावी थे। माईक संचालक ईश्वर सोनी थे। दोपहर में महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। रात में प्रतिदिन जस गीत का आयोजन किया जाता रहा।

खबर संक्षेप

बुजुर्ग महिला के गले से सोने का लाकेट चोरी

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल के पास दर्शन करने आई बुजुर्ग महिला के गले से सोने का लाकेट चोरी कर लिया गया। पुलिस शिकायत पर जांच कर रही है। मंगला निवासी गौरव कुमार साहू ने बताया, तखतपुर विजयपुर से उनकी दादा जेठूराम साहू, दादी मैत्रिन बाई साहू उनके घर आए थे। 20 अक्टूबर की रात वे अपने दादा दादी को शहर में दुर्गा प्रतिमा दिखाने के लिए निकले थे। रात 9.30 बजे मध्यनगरी चौक में दुर्गा पंडाल में दर्शन कर रहे थे। इसी दौरान उनकी दादी के गले से सोने की लाकेट चोरी कर ली गई। जानकारी होने पर उन्हें दुर्गा पंडाल में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा तो एक महिला लगातार उनकी दादी के आगे पीछे होते नजर आ रही है। गौरव ने घटना की लिखित शिकायत कोतवाली थाने में की है।



शादी का झांसा देने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। महिला से अनाचार कर शादी करने का झांसा देकर 22 लाख रुपए वसूलने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला पति की मृत्यु के बाद 3 बच्चों के साथ रह रही है। वर्ष 2025 में पूर्व परिचित पामगढ़ धनगांव निवासी मनोज कुमार यादव पिता पुनीराम यादव 30 साल उनके संपर्क में आया। मनोज यादव महिला व उसके तीनों बच्चों को अपनाने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद पामगढ़ में मकान खरीदने व अन्य बहाने बनाकर महिला से बीमा व बैंक खातों में जमा कुल 22 लाख वसूल लिया था। उसके बाद शादी से इनकार कर मोबाइल बंद कर लिया था। पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर आरोपी के पतासाजी में जुटी हुई थी। 21 अक्टूबर को पुलिस ने फरार आरोपी मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

युवक से मारपीट कर नकद रकम व मोबाइल की लूट

बिलासपुर। युवक से मारपीट कर नकद रकम व मोबाइल लूट लिया गया है। पुलिस लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी रामप्रकाश पाण्डेय व्यापार विहार की दुकान में काम करता है। 20 अक्टूबर को दुकान में अपने मजदूरी की 3 हजार रुपए लेकर घर जा रहा था। तिफरा ब्रिज के नीचे मिनीबस्ती निवासी काला पात्रे अपने साथियों के साथ उसे रोककर मारपीट कर 3 हजार रुपए व मोबाइल लूटकर भाग गया। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर काला पात्रे व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

आपरेशन प्रहार के फरार 11 स्थाई वारंटी पकड़ाए

बिलासपुर। आपरेशन प्रहार के तहत सीपत पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 11 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। सीपत पुलिस के अनुसार इसमें इंद्रपाल वर्मा भिल्मी, शुभम भोई जांजी, कृष्णा सूर्यवंशी भाडी, छहुरा यादव कौवाताल, अमित वर्मा भिल्मी, उस्मान खान लुतरा, छतलाल सूर्यवंशी पंधी, विक्रांत मिश्रा पंधी, शिनोद कुमार यादव प्रगतिनगर सीपत, मणी वर्मा पंधी, करण सूर्यवंशी टेकर निवासी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है।

दस्तावेजों में नाम और उम्र में त्रुटि को लेकर भी गड़बड़ियां सामने आ रही **स्टूडेंट्स व पालकों को आधार सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं**

42 हजार छात्रों की अपार आईडी दो साल बाद भी नहीं बन सकी, जन्मतिथि और आधार में अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 57 हजार स्कूलों में पढ़ने वाले 57 लाख से ज्यादा छात्रों की अपार आईडी बनाए जाने हैं, लेकिन करीब दो साल बाद भी 25 प्रतिशत छात्रों की आईडी नहीं बनी है। जिले में भी 41 हजार 719 छात्रों की आईडी नहीं बन सकी है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं होना है। छात्रों के दस्तावेजों में नाम और उम्र में त्रुटि को लेकर भी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। स्कूलों से यह भी जानकारी मिल रही है कि अधिकांश छात्रों की जन्मतिथि दस्तावेजों में कुछ और है लेकिन आधार में इसे एक जुलाई बता दिया गया है। इसी अंतर के कारण सबसे अधिक परेशानी आ रही है। फिलहाल अपार कार्ड आईडी जनरेट कराने में यू-डाइस व स्कूल रिकॉर्ड मैच नहीं होने से स्टूडेंट्स व पालकों को आधार सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बिलासपुर जिले में ही कुल 4 लाख 3047 छात्रों की आईडी बनाई जानी है लेकिन देरी हो रही है।

अधिकारियों के मुताबिक आईडी जनरेट होने में 10 मिनट का समय लगता है। रिकॉर्ड समान नहीं होने की स्थिति में आधार को अपडेट करवाना ज्यादा मुश्किल हो



जाता है। इसके साथ ही स्कूलों में यू-डाइस डाटा मैच नहीं होने की सबसे बड़ी वजह आधार कार्ड में गलतियों को ही बताया जा रहा है। ऐसे में कैफे संचालकों के पास जाने पर उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है। पालकों का कहना है कि अगर डेट ऑफ बर्थ गलत है और उसे सुधारना है तो कैफे संचालक पहले तो आधार को अपडेट करवाते हैं और बाद में डेट ऑफ बर्थ सुधारते हैं। ऐसे में एक महीने का समय तो ऐसे ही लग जाता है। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए स्कूलों में कैंप नहीं लगाए जाने की वजह से प्रभावित स्टूडेंट्स को आधार केंद्र जाकर अपना आधार अपडेट कराना पड़ रहा है।

कई छात्रों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रक्रिया में कई तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अपार आईडी कार्ड बनाने के लिए बच्चों का आधार कार्ड होना जरूरी है और इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। इसके कारण छात्रों के स्थानांतरण में भी परेशानी हो रही है, क्योंकि एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश के समय उनका परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन) सक्रिय नहीं हो पाता।

बोर्ड परीक्षा के लिए अनिवार्य अपार

इधर ध्यान रहे कि सीबीएसई समेत अन्य एजुकेशन स्टेट बोर्ड्स ने 9वीं से 12वीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स के लिए अपार आईडी को अनिवार्य कर दिया है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि अपार आईडी के बिना 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जा सकेगा।

अपार नहीं बनने के प्रमुख कारण

- छात्र का नाम, जन्मतिथि और लिंग, आधार कार्ड और यूडाइस पोर्टल (स्कूल के रिकॉर्ड) में बिल्कुल एक जैसे होने चाहिए। इनमें मामूली अंतर होने पर भी आईडी जनरेट नहीं होती।
- कई मामलों में बच्चों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक या फिंगरप्रिंट अपडेट न होने या फोटो पुरानी होने के कारण ई-केवाईसी पूरी नहीं हो पाती है।
- एक ही मोबाइल नंबर का उपयोग कई छात्रों की प्रोफाइल में करने पर सिस्टम उसे सीमित कर देता है, जिससे नया नंबर या ओटीपी सत्यापित नहीं होता।
- छात्र के पिछले स्कूल के रिकॉर्ड या पेन नंबर में गलत जानकारी दर्ज होने या आधार नंबर लिंक न होने से डुप्लीकेसी की समस्या आती है।
- कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी खराबी, सर्वर धीमा होने या ओटीपी न आने जैसी समस्याएं आती हैं।

अपार आईडी का यह है फायदा

- फर्जी एजुकेशन डॉक्यूमेंट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी
- एडमिशन के समय छात्रों का वेरीफिकेशन आसान हो जाएगा
- स्कॉलरशिप पाने के लिए क्रेडिट अकमुलेशन, क्रेडिट रिडेम्पटन, क्रेडिट ट्रांसफर इंटर्नशिप मिलेगा
- सर्टिफिकेशन, नौकरी के लिए आवेदन आदि काम काफी आसान हो जाएगा
- सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा बच्चों को मुहैया कराया जा सकेगा
- यह छात्रों का डिजी लॉकर होगा, जिसमें सभी डॉक्यूमेंट एक जगह सेव रहेगा
- ड्रॉपआउट छात्रों की ट्रैकिंग की जा सकेगी, यह उन्हें मुख्यधारा में लाने में मदद करेगा

अपार आईडी की स्थिति

बिलासपुर	- 86.76 %
रायपुर	- 82.64%
दुर्ग	- 84.18%

बच्चों के पास जन्म प्रमाणपत्र नहीं है

कई बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, जिसके कारण उनका आधार कार्ड बनाना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा कुछ बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक डाटा अपडेट नहीं है, जिससे उनका आईडी नंबर जारी नहीं हो पा रहा है। कई छात्रों का आधार कार्ड और यू-डाइस रिकॉर्ड का मैच नहीं हो पा रहा है।

- संदीप पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

कर्मचारियों के अलावा सैलानी भी जूझ रहे परेशानी से, विभाग ने लिखा पत्र

स्मृति वाटिका में एक माह से पसरा अंधकार पानी-बिजली के लिए मचा हाहाकार



फेंसिंग तार टूटा, सुरक्षा नहीं होने से मवेशी घुस रहे अंदर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फारेस्ट विभाग का सकरी और कानन पेण्डारी के बीच बने स्मृति वाटिका में पिछले एक माह से अंधकार पसरा हुआ है, जिसके कारण पानी और बिजली के संकट से कर्मचारी के अलावा सैलानी भी जूझ रहे हैं। वन विभाग की ओर से बिजली विभाग को पत्र लिखा गया है, लेकिन अब तक बिजली की व्यवस्था में कोई भी सुधार कार्य नहीं हो सका है।



स्मृति वाटिका का हाल-बेहाल।

अ चा न क मा र अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व में शामिल स्मृति वाटिका का हाल बेहाल होते जा रहा है। यहां चारों ओर बड़े-बड़े खरपतवार के अलावा व्यवस्था भी पूरी तरह से खराब होती जा रही है। 26 साल पहले बने स्मृति वाटिका को सैलानियों के पिकनिक सहित घूमने फिरने के लिए बनाया गया था, ताकि लोग यहां परिवार सहित आ सकें। शुरुआत में सैलानियों की भीड़ स्मृति वाटिका में अच्छी खासी रहती थी, जिसके बाद सैलानियों ने वाटिका की ओर जाने की रूचि दिखाना धीरे-धीरे बंद कर दिया। इसकी हालत को सुधारने के लिए पिछले 20 सालों में करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन व्यवस्था अभी भी जस की तस बनी हुई है।

स्मृति वाटिका के पीछे के हिस्से में कुछ ग्रामीणों ने अपना कब्जा कर रखा है, तो यहां सैलानियों के लिए बनाए गए प्रसाधन व अन्य सारी सुविधा पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। पानी तक की सुविधा सैलानियों को वाटिका के अंदर नहीं मिल पाती है। कुछ माह पहले बिलासपुर में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यालय से आए वन विभाग के अफसरों ने स्मृति वाटिका की व्यवस्था को सुधारने के लिए योजना बनाई, जिसके लिए बिलासपुर वन मंडल को बजट बनाकर भेजने का आदेश दिया गया था। इस आदेश के बाद बजट बनाकर मुख्यालय को लेटर भी भेजा गया, लेकिन राशि अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। वर्तमान में यहां की स्थिति ऐसी है कि पिछले एक माह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बंद होने के कारण अंधकार छाया हुआ है। शाम 6 बजे के बाद सूरज ढलते ही पूरे वाटिका में अंधेरा होने के बाद मोबाइल की लाइट जलाकर आना-जाना मजबूरी हो चुकी है। इस व्यवस्था को सुधारने के लिए वन विभाग ने विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित को पत्र लिखा है, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी बिजली व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है।

पुराने हो चुके हैं तार

स्थानीय कर्मचारियों के अनुसार स्मृति वाटिका में बिजली व्यवस्था के लिए लगाए गए तार और खंभे काफी पुराने हो चुके हैं। वर्ष 2001-02 में लगाए गए तार और खंभे क्षतिग्रस्त होने के कारण टूट गए हैं। इसे पहले सुधार कार्य कराया गया था। इसके बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। अंधेरे के कारण वाटिका के गेट को जल्द बंद करना मजबूरी हो गई है।

लिखा गया है पत्र

स्मृति वाटिका में बिजली सप्लाई के लिए लगाए गए तार और खंभे पूरी तरह से जर्जर हो गए हैं। वर्तमान में नए केबल और खंभों की आवश्यकता है। इस तरह की दिक्कत कई बार आ चुकी है। विद्युत वितरण कंपनी को विभाग की ओर से पत्र लिखा गया है, जिसमें उनसे इस्टीमेट भी मांगा गया है। अब तक वहां से कोई जवाब नहीं पहुंचा है और न ही कोई सुधार कार्य हुआ है।

- अनिमेश सिंह, रेंजर, तखतपुर रेंज



घर में घुसकर हंगामा मचाते आरोपी।

दशहरे की रात मंगला में बवाल

घर में घुसकर दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दशहरे की रात मंगला में चार युवकों ने आतंक मचाते हुए दरवाजा तोड़कर एक घर में घुस गए, फिर दहशतगर्दी मचाते हुए दो महिलाओं सहित पांच लोगों को पाइप, बांस, बेल्ट, हाथ मुक्का से जमकर पीटा, जिससे आसपास क्षेत्र के लोग दहशत में आ गए थे। पुलिस ने मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

- मंगला में चार युवकों ने मचाया आतंक

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला राजाबाड़ा यादव मोहल्ला निवासी शुभम यादव पिता कलेश यादव 20 अक्टूबर की रात 11 बजे अपने छोटे भाई शिवम यादव के साथ घर के पास दुर्गा पंडाल के पास बैठे हुए थे। उसी समय आलोक यादव उर्फ महेश, उसका चाचा गोलू यादव आए और उसके भाई शिवम को बोलने लगे तुम्हारा चेहरा पसंद नहीं है, यहां से भागो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटक दिया और जमकर मारपीट करने लगे। शुभम यादव बीच बचाव करने गया तो गोलू यादव का भाई संकेश यादव, ओमकार यादव भी आ गए और दोनों के साथ मारपीट करने लगे। उनकी मां ने बीच बचाव कर दोनों भाइयों को हमलावरों से छुड़ाया।

घर के अंदर घुसे

मां दोनों बेटों को छुड़ाकर घर लेकर गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद हमलावर चारों आरोपियों ने दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसकर दहशतगर्दी मचाते हुए शिवम, शुभम, उसके पिता कलेश यादव, मां इंद्राणी, दादी लहुराया यादव के साथ पाइप, बांस, बेल्ट, हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। वहीं घर के बाहर खड़ी उनकी बाइक में तोड़फोड़ की है। पुलिस ने शुभम यादव की रिपोर्ट पर हमलावर आलोक यादव उर्फ महेश, गोलू यादव, संकेश यादव, ओमकार यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 296, 3, 5, , 324, 2, 331, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू से हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में तीन लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर अटल आवास निवासी प्रमोद दुबे पिता स्व. शंकर प्रसाद दुबे बुधवार की सुबह 10.30 बजे अपने छोटे भाई शिवबोध दुबे के साथ घर के सामने पानी डाल रहे थे। उसी दौरान पड़ोसी आकाश यादव उर्फ चुटकू उसका भाई दउवा आए और पानी क्यों डाल रहे कहकर गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का लाठी से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जिससे प्रमोद दुबे के हाथ में चोट आई है। दूसरी घटना में चिंगराजपारा गणेश चौक निवासी सचिन कश्यप पिता संतोष कश्यप 20 अक्टूबर को रात में रावण दहन के बाद शिवमंदिर के पास रात 10.30 बजे आटो में बैठा था। इसी दौरान अटल आवास निवासी कृषि आया और दोस्त के साथ मारपीट किए हो कहकर गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया है। तीसरी घटना में सकरी क्षेत्र के ग्राम मेंड्रा निवासी कुलदीप रजक पिता रामकुमार रजक 20 अक्टूबर को रात 9 बजे दैहान मोहल्ला हेतराम रजक के घर के पास छोटे भाई रोहित रजक को नशा करता है कहकर डांट रहे थे। उस समय गांव का अभिषेक यादव क्यों डांट रहे हो कहकर गाली देने लगा। मना करने पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे हाथ की कलाई में चोट आया है। पुलिस ने तीनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

डायल 112 के आरक्षक ने चाकू अड़ाकर धमकी देने वाले बदमाश को पकड़ा

डायल 112 के आरक्षक ने एक युवक के गले में चाकू अड़ाकर धमकी देने वाले बदमाश युवक को पकड़कर थाने के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, विध्यांसार निवासी सूरज कुमार महरा 20 अक्टूबर को रोजी मजदूरी करने शहर आया था। दोहपर 1 बजे काम करने के बाद नेहरू चौक से मंगला चौक खाना खाने पैदल जा रहा था। नर्मदा नगर मंगला हास्पिटल के पास एक युवक आया और उसके गले में चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी दे रहा था। उसी दौरान डायल 112 की गाड़ी वहां से गुजर रही थी। पुलिस गाड़ी को देखकर युवक भागने लगा। सूरज ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। आरक्षक ने दौड़ाकर युवक को पकड़कर चाकू बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा देवांगन पिता मंगल देवांगन 23 साल जबड़ापारा निवासी बताया। आरक्षक ने उसे सिविल लाइन थाने के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने धारा 296, 351, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

स्कूटी सवार छात्रा को कार ने मारी टक्कर, घायल

बिलासपुर। दुर्गा प्रतिमा देखने निकली स्कूटी सवार छात्रा को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दिया। हादसे में छात्रा घायल हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार इमलीपारा निवासी हेमा साहू पिता स्व. साधुराम साहू अपनी दीदी सीमा साहू के साथ 19 अक्टूबर की रात शहर में दुर्गा प्रतिमा देखने निकली थी। रात 11.30 बजे सिविल लाइन चर्च के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में हेमा साहू घायल हो गई है। पुलिस ने हेमा साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सूने मकान में चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सूने मकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार सामान जब्त कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बालाजी पुरम कालोनी निवासी विकास वर्मा मकान के दरवाजे में ताला लगाकर पत्नी के साथ बेटी से मिलने पूणे चले गए हैं। 16 अक्टूबर को उनके घर नौकरानी सीमा साफ सफाई करने गई तो दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखी तो सामान बिखरे पड़े थे। नौकरानी ने कालोनी में रहने वाले श्री वर्मा के बड़े भाई प्रशांत वर्मा को इसकी जानकारी दी। उन्होंने घर आकर देखा तो घर से 11 नग सोने का मोतीदाना, 4 जोड़ी पायल, 7 जोड़ी बिछिया, 4 चांदी का सिक्का, 3 चांदी की मूर्ति, कैमरा, हेयर ड्रायर, 1013 रुपए नकद चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने पतासाजी कर नाग नागिन अटल आवास निवासी आशीष निर्मलकर उर्फ विक्की पिता लक्ष्मी प्रसाद निर्मलकर 23 साल को गिरफ्तार कर चोरी के जेवर व सामान जब्त कर लिया है।



झा बने भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजयुमो के युवा नेता अनमोल झा को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर छत्तीसगढ़ के राजनीतिक एवं संगठनात्मक क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस नियुक्ति से न केवल उनके संगठनात्मक कद में वृद्धि हुई है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का गौरव भी बढ़ा है।

अनमोल झा ने अपने राजनीतिक जीवन में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी सक्रियता, समर्पण और कार्यक्षमता से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 2016 में भाजयुमो जिला बिलासपुर के जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख के रूप में अपने संगठनात्मक सफर की शुरुआत करने के बाद उन्होंने निरंतर विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वर्ष 2017 में भाजपा जिला बिलासपुर के सह मीडिया प्रभारी, वर्ष 2020 में भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर जिला प्रभारी, वर्ष 2022 में भाजयुमो प्रदेश शासकीय योजना मंडल प्रमुख तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी जिले के जिला प्रभारी के रूप में उन्होंने संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं वर्ष 2023 में बिलासपुर लोकसभा चुनाव में भाजयुमो के जिला प्रभारी का दायित्व भी संभाला। वर्तमान में वे भाजपा बिलासपुर ग्रामीण के मीडिया प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर रहे थे।



- कार्यक्षमता और समर्पण से बनाई विशेष पहचान

यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के संगठनात्मक सामर्थ्य और युवा नेतृत्व की बढ़ती भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करती है। अपनी नियुक्ति पर अनमोल झा ने शीर्ष नेतृत्व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, सहित समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।



खबर संक्षेप

छिंदभोग में पकड़े गए दो जुआरी, 7,700 नकद जब्त

पथरिया। त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने और जुआ जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पथरिया पुलिस सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में पुलिस ने ग्राम छिंदभोग में जुआ खेलने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा। मौके से पुलिस ने 7,700 नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। जानकारी के अनुसार, 20 अक्टूबर को पुलिस को ग्राम छिंदभोग में बड़े घाट भरीं के पास जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शत्रुहन निषाद (29), निवासी नुनियाकछार, थाना मुंगेली और महेन्द्र राजपूत (32), निवासी छिंदभोग, थाना पथरिया को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जुआ फड़ से 2,300 तथा आरोपियों के पास से 5,400 बरामद किए। इस प्रकार कुल 7,700 नकद के साथ 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए।

दो पक्षों में मारपीट काउंटर अपराध दज

तखतपुर। वाद विवाद में बीच बचाव को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जरौंधा निवासी सुमित यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 अक्टूबर की रात 10 बजे आरोपी संजय साहू को जब उसके भाई की विवाद के बारे में बताया तो वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगा वहीं संजय साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि आरोपी सुमित यादव उसके भाई के साथ वाद विवाद कर रहा था और जब मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 , 351,2 के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है।

बिक्री के लिए रखी कच्ची महुआ शराब को जब्त

तखतपुर। अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी कच्ची महुआ शराब को जब्त करते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 20 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे कालेज पारा के पास एक युवक अवैध रूप से बिक्री के लिए कच्ची महुआ शराब रखा हुआ है सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर आरोपी शिवा कुर्रे के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त करते हुए उसके खिलाफ खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

मारपीट में युवक घायल, जुर्म दर्ज

तखतपुर। गाली गलौज करने की बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष से व्यक्ति गंभीर रूप से चोटिल हुआ पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुरा निवासी कृष्ण कुमार साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 अक्टूबर की रात 10 बजे हिमांशु साहू उसके घर के सामने से गाली गलौज करते जा रहा था तभी प्रार्थी ने कहा कि गाली गलौज क्यों कर रहे हो इसी बात को लेकर हिमांशु साहू, नोहर साहू, देवेंद्र साहू ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। वहीं प्रार्थी देवेंद्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पूर्व में देवी प्रसाद साहू और उसके भाई के साथ विवाद हुआ था इसी बात को लेकर देवी प्रसाद साहू, राजेश साहू, रूपेश साहू ने उसके घर के सामने जाकर गाली गलौज करने लगा और जब देवेंद्र साहू ने मना किया तो उसके साथ मारपीट की। जिससे सिर एवं कोहनी में गंभीर चोंटे आयी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 , 351,2 के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है।

जगह-जगह किया गया रामलीला का मंचन, लगी लोगों की भीड़

बीआर साव स्कूल मैदान में 60 फीट के रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुंगेली। क्षेत्र में बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में जगह-जगह रावण दहन के आयोजन हुए। जय श्रीराम के जयघोष, आकर्षक धार्मिक झांकियों और भव्य आतिशबाजी के बीच रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम बीआरसाव स्कूल मैदान, बड़ा बाजार एवं दाऊपारा रेस्ट हाउस के पास किया गया। जिसमें हजारों लोगों की भीड़ शामिल रहे।

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय बीआर साव स्कूल मैदान में रामलीला मंचन के जरिए भगवान श्रीराम की विजयगाथा प्रस्तुत की गई। इसके बाद लगभग 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। आतिशबाजी के बीच हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इन आयोजनों में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। श्रीराम लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई बी.आर. साव स्कूल मैदान पहुंची। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रावण दहन किया गया। विजयादशमी के अवसर पर नगर का दूसरा प्रमुख आयोजन बड़ा बाजार स्थित मैदान में बड़ा बाजार दशहरा उत्सव समिति के द्वारा किया गया।

यहां भी 50 फीट के विशाल रावण के पुतले का दहन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ दशहरा पर्व मनाया। नगर में विजयादशमी का तीसरा और सबसे भव्य आयोजन युवाओं की टोली श्रीराम दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में डॉ. भानू प्रताप गुप्ता चौक के पास स्थित रेस्ट हाउस मैदान में किया गया। आयोजन में नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, अनिल सोनी, रोहित शुक्ला, शैलेष पाठक, हेमेन्द्र गोस्वामी, दीनानाथ केशरवानी, सुनील पाठक, घनश्याम वर्मा, गिरीश शुक्ला, संजय वर्मा, अमितेश विज्जू आर्य, अरविन्द वैष्णव, संजय जायसवाल, सूरज यादव, संजय यादव, स्वतंत्र मिश्रा, मकबूल खान, लोकराम साहू, राघवेंद्र बब्बू ठाकुर एवं वैभव ताम्रकार, केशव यादव, जग्गू सिंह ठाकुर, जयप्रकाश मिश्रा, प्रेम आर्य, लक्ष्मी छेदइया, मनुराज सोनी, प्रीतेश अज्जू आर्य, राजेश छेदइया, अक्षय लहरें, रोमी अग्रवाल, इमरान खोखर, बंशी भटवानी, राहुल रूपवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण का जलता हुआ पुतला।

सेतगंगा में धूमधाम से मना दशहरा

सेतगंगा/मुंगेली। बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक विजयादशमी दशहरा पर्व पर सेतगंगा उत्सव के रंग में सराबोर रहा। सेतगंगा सहित आसपास के गांवों जैसे पौनी, सिल्ली और कोसमतरा में भी रावण दहन के आयोजन हुए। धर्म नगरी सेतगंगा में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक परंपराओं और रीति रिवाजों का निर्वहन करते हुए जंवारा विसर्जन भी संपन्न किया गया। बाजार क्षेत्र में श्री राम जानकी सेवा समिति एवं मां सिद्धेश्वरी समिति द्वारा लगभग 20-25 फीट रावण दहन किया गया। नगर में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर मार्ग से गुजरती हुई झांकी बाजार क्षेत्र मैदान पहुंची। जहां विधिविधान से पूजा अर्चना के बाद दशानन रावण के पुतले का दहन किया गया।



राम जानकी मंदिर परिसर में जगराता, झूमे श्रद्धालु

सेतगंगा/मुंगेली। धर्म नगरी सेतगंगा स्थित श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में नवमी तिथि पर श्रीराम सेना के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता के जगराता का आयोजन किया गया। गायक संतोष यादव एवं गायिका डॉ. छाया प्रकाश जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी, महंत राधेश्याम दास, कांग्रेस ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर सिंह श्रीनेत, जनपद सदस्य प्रतिनिधी कमल लोचन टोंडर, सरपंच प्रतिनिधि जयकुमार देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखचंद साहू, डॉ. रामजी शर्मा, विष्णु जासयवाल, रायसिंह गबेल, मनोहर यादव, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र बंजारा अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने श्रीराम सेना के सभी पदाधिकारी, सदस्य, संरक्षक, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों का योगदान रहा।



संघ ने मनाया विजयादशमी पर्व, शस्त्र पूजन



पथरिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की माधव प्रभात तरुण व्यवसायी शाखा पथरिया द्वारा विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन पुराना हाई स्कूल परिसर में किया गया। विजयादशमी के पावन अवसर पर संघ ने अपने कार्य के 101वें वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बाल, तरुण एवं प्रौढ़ स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिलासपुर विभाग के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रामावतार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया तथा विजयादशमी पर्व के महत्व को स्मरण किया। मुख्य वक्ता रामावतार साहू ने अपने उद्बोधन में संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा, उसके उद्देश्यों एवं कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक संगठित हिंदू समाज ही संघ की मूल भावना है। संघ पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है और समाज में एकता, समरसता, अनुशासन एवं राष्ट्रभाव जागृत करने के लिए निरंतर कार्य करता है। शस्त्र पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में शस्त्र केवल शक्ति और सुरक्षा के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे अन्याय के प्रतिकार, धर्म की रक्षा तथा निर्बलों की सुरक्षा के संकल्प का भी प्रतीक हैं। विजयादशमी का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। शस्त्र पूजन के माध्यम से व्यक्ति में साहस, आत्मरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करने का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि शक्ति का सदुपयोग समाज और राष्ट्र के हित में होना चाहिए तथा प्रत्येक स्वयंसेवक को अनुशासन एवं सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।



राजपूत युवा मोर्चा ने की शस्त्रों की पूजा

लोरमी। शक्ति, साहस, धर्म और संस्कृति के प्रतीक शस्त्र पूजन का आयोजन राजपूत युवा मोर्चा के तत्वावधान में राजपूत धर्मशाला में विराजित माँ दुर्गा के समक्ष श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। शस्त्र पूजन का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा से जुड़ा हुआ है। शस्त्र शक्ति, साहस, आत्मरक्षा और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के संकल्प का प्रतीक है। सभी ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा समाज में जागरूकता, एकता और संस्कारों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संजय सिंह राजपूत ,पूनम सिंह राजपूत, जयजय राम राजपूत सुदर्शन सिंह राजपूत, अशोक सिंह राजपूत फौजी, महावीर सिंह राजपूत, अर्जुन नरोत्तम सिंह, कृष्णचंद्र सिंह, सतीश सिंह, अयोध्या सिंह फ़ौजी, रघू सिंह फ़ौजी भाई, सोन सिंह फ़ौजी, रामकुमार सिंह, नरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, योगेश सिंह, अमरजीत सिंह, चंद्रकांत सिंह आदि उपस्थित रहे।

बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन



पेंड्रा। शारदीय नवरात्रि के महानवमी पर बजरंग दल नगर गौरेला द्वारा विभिन्न दुर्गा पंडालों में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर संयोजक अभिषेक जायसवाल के नेतृत्व में माता महाकाली पंडाल संजय चौक, सांस्कृतिक भवन दुर्गा पंडाल, आस्था परिवार दुर्गा पंडाल एवं कल्चुरी नगर दुर्गा पंडाल में विधि-विधान से शस्त्र पूजन कर मां दुर्गा की आराधना की गई। कार्यक्रम के दौरान शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने समाज में व्याप्त बुराइयों, पाप और कुरीतियों के उन्मूलन के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में धार्मिक आस्था, शक्ति उपासना और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बजरंग दल बिलासपुर विभाग के विभाग संयोजक सागर पटेल, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रकाश साहू, जिला सह मंत्री निखिल परिहार, बजरंग दल के जिला सह संयोजक विनय पांडे, सन्नी आगवानी, नगर सह संयोजक ऋषभ गुप्ता सहित अंचल यादव, अभय ताम्रकर, साजन यादव, सचिन विश्वकर्मा, ऋतुराज अग्रवाल, नारायण रजक, शिवम साहू, भूपेंद्र चौधरी, राकेश राठौर, मयंक राजपूत, शिवराज राजपूत, शिवा जायसवाल, रवि जायसवाल, गुड्डा राजपूत, दीपक जायसवाल एवं नवीन जायसवाल उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकले यात्री का किया स्वागत



साइकिल यात्री का स्वागत करते जनप्रतिनिधि।

मुंगेली। वासु राइडर नंदवंशी के मुंगेली पहुंचने पर सर्व सेन श्रीवास समाज जिला अध्यक्ष भाजपा मुंगेली ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास एवं समाज के प्रमुख के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

वासु राइडर नंदवंशी 55 प्रतिशत विकलांग होने के बावजूद उसके जजबे के हर कोई तारीफ कर रहा है। 2 जून को आगरा से साइकिल यात्रा शुरु को पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश होते हुए गोकर्णनाथ, खुटार, गौरेला पेंड्रा मरवाही, कोरबा, बिलासपुर से रवाना, 19 अक्टूबर को विश्राम गृह मुंगेली में रुकने की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से वे पूरे देश में साइकिल यात्रा कर रहे हैं। इस मौके पर राजीव श्रीवास, विनोद श्रीवास, गोलू श्रीवास, मोहन श्रीवास, चंद्र कुमार, राम श्रीवास, सोनू श्रीवास, उत्तर श्रीवास, मेला राम श्रीवास, रोहित यादव, शत्रुहन श्रीवास, संस्कार श्रीवास, प्रदीप श्रीवास, महेश, महेन्द्र, भागीरथी ठाकुर, थानू श्रीवास, ओम श्रीवास, नागेश श्रीवास, पारस श्रीवास, आकाश श्रीवास, रामा श्रीवास, नवनीत ध्रुव, छोटन श्रीवास, शांता यादव, भावेश श्रीवास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक में लिया गया वाल्मीकि जयंती मनाने का निर्णय

मुंगेली। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने के संबंध में सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महर्षि वाल्मीकि की जयंती गरिमामय रूप से मनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यक्रम की कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 अक्टूबर को शंकर मंदिर में सायं 4 से 6.30 बजे तक महर्षि वाल्मीकि जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालने के साथ-साथ संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति और उनके आदर्शों के प्रचार-प्रसार से संबंधित गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इस बैठक में नगर प्रमुख आकाश सोनी, ग्राम पंचायत कोदवाबानी ग्राम प्रमुख नर्मदा सिंह राजपूत इनका बहुत अच्छा सुझाव आया। अपने-अपने स्तर से सभी सदस्य अपने बस्ती, क्षेत्र में वाल्मीकि जयंती मनाएंगे। संतोष कुमार सोनी, राकेश सिंह ठाकुर, मोहन उपाध्याय, बीरबल सोनकर, रमेश कुमार, रोशनी, राजीव मिश्रा, श्रेया पाण्डेय, श्रीयांशी पाण्डेय एवं दिनेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा संस्कृत भारती जिला मुंगेली के संयोजक डॉ. रामबाबू मिश्र सहमति से सुनिश्चित की गई।

बालिका टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए दिल्ली रवाना



लोरमी। 70वीं राष्ट्रीय शालेय शतरंज 19 वर्ष बालक बालिका चैंपियनशिप का आयोजन दिल्ली में 22 से 28 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ दल का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर पीएम स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दाऊपारा में 18 से 20 अक्टूबर तक आयोजित हुआ।

छत्तीसगढ़ बालक दल में उत्कर्ष यादव रायपुर संभाग, विनय ध्रुव बिलासपुर संभाग, भुवनेश्वर ठाकुर बिलासपुर संभाग, अक्षय सिंह राजपूत दुर्ग संभाग, अभिनन्दन बडेरिया सरगुजा संभाग एवं बालिका वर्ग में अंकिता धृतलहरे बिलासपुर संभाग, विनीता केवर्त बिलासपुर संभाग, गीतांजलि साहू रायपुर संभाग, गरिमा तिवारी दुर्ग संभाग हैं। छत्तीसगढ़ दल के दल प्रबंधक एवं दल प्रशिक्षक सुबोध कुमार सिंह एवं बालिका मैनेजर जागृति पटेल हैं। छत्तीसगढ़ दल आज शाम को 7 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

नेशनल पॉवर लिफ्टिंग में जयदीप का चयन

लोरमी। नगर के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी जयदीप वैष्णव का नवंबर 2026 में दुर्ग में राष्ट्रीय स्तर के फेडरेशन कप नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जयदीप वैष्णव इस प्रतियोगिता में इक्विप्ड पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। यह पावर लिफ्टिंग की चुनौतीपूर्ण विधाओं में से एक है, जिसमें खिलाड़ियों को कठिन अभ्यास, शारीरिक क्षमता, तकनीकी दक्षता और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करना होता है।



नगर की समस्याओं का स्थाई समाधान मुख्य उद्देश्य : चौबे

हाईमास्ट लाइट से जगमगाया पुलिस चौकी व मेला चौराहा

मल्हार। पिछले 10 वर्षों से बुनियादी बिजली व्यवस्था के लिए तरस रहे नगर के लोगों को आखिरकार अंधेरे से मुक्ति मिलने लगी है। आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए नगर के सभी स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइट को फिर सुचारु रूप से चलाने नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने कमर कस ली है, वर्तमान में बस स्टैंड से मंदिर तक के स्ट्रीट लाइट चालू है। नगर के मुख्य चौक-चौराहों पर एक दशक बाद रोशनी की शानदार वापसी हुई है। इस व्यवस्था के शुरू होने से न केवल आम जनता में भारी उत्साह है, बल्कि नगर के मुख्य प्रवेश द्वारों और संवेदनशील मोड़ों का नजारा भी पूरी तरह से बदलने लगा है। जल्द ही नगर के विभिन्न स्थलों में लगे हाई मास्ट लाइट भी जलने लगेगी।



पुलिस चौकी व मेला चौक के पास की हाईमास्ट लाइट चालू

इस विद्युत सुधार अभियान के तहत सबसे महत्वपूर्ण कदम मल्हार पुलिस चौकी के समीप लगी विशाल हाईमास्ट लाइट को दोबारा चालू करना रहा। पिछले 10 सालों से बंद पड़ी इस लाइट के जलते ही पूरा चौराहा दूधिया रोशनी से नहा उठा। पुलिस चौकी व मेला चौक के आसपास का इलाका पूरी तरह जगमगा जाने से रात के समय सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और राहगीरों व स्थानीय दुकानदारों को अंधेरे के कारण होने वाली दिक्कतों से बड़ी राहत मिली है।

धीरे-धीरे होगा मल्हार का विकास के काम

इस सुधार और नगर के सौंदर्यीकरण पर खुशी व्यक्त करते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे ने कहा कि, पिछले लंबे समय से नगरवासी अंधेरे और ठप पड़ी बिजली व्यवस्था से परेशान थे। इसके अलावा मुख्य मार्गों में लगे स्ट्रीट लाइट बंद पड़े थे जिसे सुधार कर चालू कराया गया है। उनका कहना है कि, हमारा मुख्य उद्देश्य नगर की समस्याओं का स्थाई समाधान करना है। हाईमास्ट लाइट का चालू होना तो बस एक शुरुआत है, आने वाले समय में धीरे-धीरे पूरे मल्हार का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ का 35वां स्थापना दिवस मना

मुंगेली। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ का 35वां स्थापना दिवस मनाया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य मुंजन कुर्रे तथा प्राचार्य आशा दिवाकर द्वारा प्रस्तावना का वाचन किया गया। स्वागत उद्बोधन शत्रुहन कांत ने किया। संस्थान के उद्देश्यों की जानकारी राजेश दिवाकर ने दी। जेआर साहू, जितेन्द्र कुमार, चेतनदास कुर्रे, महेन्द्र खरे, नीलू जांगड़े, अंजिता चंद्राकर, अनिता साहू एवं पूर्व छात्र एवं अभिभावक केशव कोशले, प्राचार्य आशा दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर ने अपने विचार रखे। मंच संचालन शत्रुहन कांत एवं आभार प्रदर्शन छत्रपाल डाहिरे ने किया। अंत में संस्था के उन सभी दिवंगत सदस्यों को दो मिनट मौन श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी, सदस्य, अभिभावक व शिक्षक-शिक्षिका विशेष रूप से उपस्थित रहे।

